अमृत वाणी
आपके कर्म ही आपकी पहचान हैं वरना एक नाम के कई इंसान हैं।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

अयोध्या
वर्ष: 36 अंक 71
शनिवार, 21 जून, 2025
तापमान अधिकतम 36°C | न्यूनतम 28°C

मूल्य 2 रुपए पृष्ठ- 06 अयोध्या, लखनऊ, जौनपुर, पटना (बिहार) एवं ठाणे (महाराष्ट्र), भोपाल (मध्य प्रदेश) से प्रकाशित www.tarunmitra.in

# ओडिशा में डबल इंजन सरकार से डबल बेनिफिट : मोदी

## सरकार के एक साल पूरे होने पर विजन डॉक्यूमेंट्स जारी किया, रोड शो भी किया

**भुवनेश्वर 20 जून।** पीएम मोदी ने शुक्रवार को भुवनेश्वर में कहा कि ओडिशा में डबल इंजन सरकार से लोगों को डबल बेनिफिट मिल रहा है। आज के दिन ओडिशा में भाजपा सरकार एक साल पूरे कर लिए हैं। यह सिर्फ सरकार की एनिवर्सिरी नही है। यह एक स्थापित सरकार की एनिवर्सिरी है। गुडगवर्नेंस की एनिवर्सिरी है। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक ओडिशा के लाखों गरीब परिवार आयुष्मान योजना से बाहर थे। आज आयुष्मान भारत और गोप बंधु जन आरोग्य योजना, दोनों इंजिन यहां चल रहे हैं। इससे ओडिशा के करीब 3 करोड़ लोगों को मुफ्त इलाज का लाभ मिलना तय हुआ है। देश के दूसरे राज्यों में भी यहां से कोई काम करने गया है तो वहां भी जरूरत पड़ने पर उसे मुफ्त इलाज मिलना शुरू हुआ है। इससे पहले पीएम ने ओडिशा में भाजपा सरकार के एक साल पूरा होने पर 2036 तक विकसित ओडिशा और 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लिए विजन डॉक्यूमेंट्स जारी किया। इससे पहले उन्होंने एयरपोर्ट से जनता मैदान तक रोड शो किया। पहले ओडिशा के किसानों को किसान सम्मान निधि का पूरा लाभ नहीं मिल पाता था। जब ओडिशा के किसानों को केंद्र और राज्य दोनों का डबल लाभ मिलना शुरू हो गया है। धान का अधिक मूल्य देने की गारंटी दी है, उसका लाखों किसानों को लाभ मिला है। पहले कई योजनाओं का पूरा लाभ नहीं मिल पाता था, आज केंद्र और राज्य दोनों सरकारों की योजनाओं का फायदा लोगों को मिल रहा है।

हमारी सरकार की बहुत बड़ी उपलब्धि वंचितों के सशक्तिकरण की रही है। ओडिशा में जनजातीय समाज रहता है। अतीत में उसे निरंतर उपेक्षा मिली। उनके हिस्से पिछड़ापन, गरीबी, अभाव आया। जिस पार्टी ने लंबे समय तक देश में शासन किया, उसने आदिवासियों को अपनी राजनीति के लिए इस्तेमाल किया। उन लोगों ने आदिवासी समाज को न विकास दिया न भागीदारी दी। नक्सलवाद और हिंसा की आग में धकेल दिया। आदिवासी क्षेत्र नक्सलवाद की चपेट में था। रेड कॉरिडोर के नाम पर बदनामी मिल रही थी। हमने आदिवासी समाज को हिंसा से




निकालकर विकास के रास्ते पर ले जाने का काम किया है। एक तरफ हमने हिंसा फैलाने वालों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया, दूसरी तरफ आदिवासी क्षेत्रों में विकास की गंगा बहाई। आज देश में 20 से कम जिलों में नक्सली बचे हैं। जिस तेजी से कार्रवाई हो रही है, उससे बहुत जल्द आदिवासी समाज को मुक्ति मिलेगी, आतंकवाद खत्म होगा, ये मोदी की गारंटी है। देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति, ओडिशा की बेटी मुर्मू जी ने इस योजना के लिए मार्गदर्शन दिया है। इसके तहत आदिवासियों में भी अति पिछड़ी आदिवासी की मदद के लिए काम हो रहा है। मछुआरों के लिए पहली बार पीएम मत्स्य संपदा योजना बनाई गई है। ये देश व्यापी है। मछुआरों को भी किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा मिली है। 25 हजार रुपए का विशेष फंड बनाने जा रही है। इसका लाभ मछुआरों को होगा, नौजवानों को होगा। राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद पीएम मोदी का एक साल में यह छठा ओडिशा दौरा है। पीएम 12 जून को शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। 17 सितंबर को पीएम मोदी ने ओडिशा में सुभद्रा योजना लॉन्च की। 29 नवंबर को प्रधानमंत्री ने ओडिशा में पुलिस महानिदेशकों और पुलिस महानिरीक्षकों के अखिल भारतीय सम्मेलन में हिस्सा लिया। 8 जनवरी को भुवनेश्वर में प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का शुभारंभ किया। इसके बाद 27 जनवरी 2025 को पीएम मोदी ने उत्कर्ष ओडिशा-मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव में हिस्सा लिया।

ओडिशा विधानसभा चुनाव 2025 में भाजपा ने पहली बार बहुमत के साथ जीत हासिल की थी। राज्य की 147 सीटों में से भाजपा को 78 सीटें मिलीं। वहीं, नवीन पटनायक की बीजू जनता दल (BJD) को 51, कांग्रेस को 14, CPI(M) को 1 और अन्य को 3 सीटों पर जीत मिली थीं। लोकसभा चुनाव में भी पहली बार भाजपा ने यहां बड़ी जीत दर्ज की थी। राज्य की 21 सीटों में से भाजपा को 20 और कांग्रेस को एक सीट मिली। BJD और अन्य दलों को एक भी सीट नहीं मिली। 2019 में भाजपा को 8, BJD को 12 और कांग्रेस को एक सीट पर जीत मिली थी। यानी भाजपा को इस बार 12 सीटों का फायदा है।

# लालटेन-पंजे वाले कहते हैं परिवार का साथ, परिवार का विकास : पीएम

### बोले- आरजेडी बाबा साहेब को पैरों में रखती है, मैं दिल में रखता हूं

**सीवान, 20 जून।** पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को सीवान के जसौली में सभा को संबोधित किया। 35 मिनट के भाषण में PM ने RJD और कांग्रेस को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि पंजे और लालटेन के शिकंजे ने बिहार को पलायन का प्रतीक बना दिया था। आपने मिलकर बिहार में जंगलराज का सफाया किया है। नौजवानों ने बिहार की बदहाली के सिर्फ किस्से और कहानी सुनी हैं। उन्हें अंदाजा नहीं है जंगलराज वालों ने बिहार की क्या हालत बना दी थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि आरजेडी बाबा साहेब को अपने पैरों में रखती है। मोदी उन्हें अपने दिल में रखता है। RJD और कांग्रेस बिहार और निवेश विरोधी हैं। PM ने करीब 10 हजार करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। पाटलिपुत्र- गोरखपुर वंदे भारत को हरी झंडी दिखाई। अंबेडकर का




अपमान किया- 'RJD वालों ने बाबा साहेब की तस्वीर के साथ क्या किया था। बिहार में पोस्टर लगे हैं। माफी मांगों, लेकिन ये लोग कभी माफी नहीं मांगेंगे। इनके अंदर दलित और अति पिछड़ों के लिए कोई सम्मान नहीं है। RJD बाबा साहेब को अपने पैरों में रखती है। मोदी उन्हें अपने दिल में रखता है। सीवान को पिछड़ा कहा, अब अफ्रीका जा रहा इंजन- आज पहला इंजन अफ्रीका को एक्सपोर्ट किया जा रहा है। अफ्रीका में भी बिहार की जय-जयकार होने वाली है। मढ़ौरा में इसकी फैक्ट्री है। ये फैक्ट्री उसी जिले में बनी है जिसे RJD और कांग्रेस वालों ने पिछड़ा कहकर अपने हाल पर छोड़ दिया था। जंगलराज वालों ने बिहार का विकास इंजन ठप कर दिया। अब बिहार में बना इंजन अफ्रीका की रेल चलाएगा। इन लोगों के कारनामे बिहार विरोधी हैं- 'RJD-कांग्रेस के कारनामे बिहार विरोधी हैं। निवेश विरोधी हैं। अपने मुंह से ये लोग विकास की बात करते हैं तो लोगों को दुकान, मकान सब जगह ताले लटकते दिखाई देते हैं। ये लोग बिहार में माफिया राज, गुंडा, राज और भ्रष्टाचार के पोषक रहे हैं। नौजवानों ने बदहाली के किस्से सुने होंगे- मेरे इस विश्वास का कारण बिहार के आप सभी लोगों का सामर्थ्य है। आपने मिलकर बिहार से जंगलराज का सफाया किया है। यहां के हमारे नौजवानों ने तो 20 साल पहले के बिहार की बदहाली सिर्फ किस्सों और कथाओं में ही सुनी है। उन्हें अंदाजा ही नहीं है कि जंगलराज वालों ने बिहार की क्या हालत बना दी थी। जिस बिहार ने सदियों तक भारत की प्रगति को नेतृत्व दिया। उसको पंजे और लालटेन के शिकंजे ने पलायन का प्रतीक बना दिया था। गरीब हटाओ के नारे देकर चले गए, हमने हटाई- पंजे और लालटेन ने मिलकर बिहार के स्वाभिमान को बहुत ठेस पहुंचाई है। इन लोगों ने ऐसी लूट मचाई कि गरीबी बिहार का दुर्भाग्य बन गई। इन लोगों ने सिर्फ नारा दिया गरीबी हटाओ, हमने गरीबी हटाकर दिखाई। अनेक चुनौतियों को पार करते हुए नीतीश जी के नेतृत्व में NDA सरकार बिहार को विकास की पटरी पर वापस लाई है।

# एसयूवी और ट्रक की टक्कर में नौ लोगों की मौत

## हादसा पुरुलिया जिले में NH-18 पर हुआ

**पश्चिम बंगाल, 20 जून।** पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले में शुक्रवार को एक भीषण सड़क हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई। यह हादसा बलरामपुर थाना क्षेत्र के नामशोल के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 18 पर हुआ, जब पीड़ित एक शादी समारोह से लौट रहे थे। नामशोल में बोलेरो की तेज रफ्तार ट्रक से आमने-सामने टक्कर हो गई। पीड़ित पुरुलिया के बड़ाबाजार थाना क्षेत्र के अदबाना गांव से झारखंड के नीमडीह थाना क्षेत्र के तिलाईटांड जा रहे बोलेरो वाहन में सवार थे। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना जिले के बलरामपुर पुलिस थाने की सीमा के भीतर नामशोल गांव में राष्ट्रीय राजमार्ग-18 पर सुबह करीब साढ़े छह बजे हुई। बलरामपुर पुलिस थाने के प्रभारी सौम्यदीप मलिक ने बताया, ''राजमार्ग पर एक एसयूवी और ट्रक के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई, जिसमें चार पहिया वाहन में सवार



सभी नौ लोगों की मौत हो गयी।'' पुलिस मामले की जांच कर रही है।टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन पहचान से परे क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एसयूवी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय निवासी और आपातकालीन प्रतिक्रिया दल तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और यात्रियों को बचाने की कोशिश की। प्रयासों के बावजूद, सभी नौ व्यक्तियों को पास के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मृत घोषित कर दिया गया। एक स्थानीय प्रत्यक्षदर्शी ने इस दृश्य को भयावह बताया टक्कर बहुत जोरदार थी। हमने मदद करने की कोशिश की, लेकिन नुकसान बहुत गंभीर था। पुलिस ने जांच शुरू की, तेज गति से वाहन चलाने का संदेह पुरुलिया के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एसपी) ने घटना की पुष्टि की और कहा कि दुर्घटना के सटीक कारण का पता लगाने के लिए विस्तृत जांच चल रही है। प्रारंभिक निष्कर्ष इस त्रासदी के पीछे तेज गति से वाहन चलाने और चालक की लापरवाही को संभावित कारण बताते हैं। फोरेंसिक टीमें भी घटनाओं के क्रम को जोड़ने के लिए मलबे की जांच कर रही हैं। गांवों में शोक की लहर पीड़ितों के गृह गांव शोक में डूब गए हैं। जो एक खुशी भरा पारिवारिक अवसर था, वह एक अकल्पनीय त्रासदी में बदल गया। शवों की पहचान और अंतिम संस्कार की व्यवस्था में सहायता के लिए अधिकारी शोक संतप्त परिवारों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

## अमित शाह के बयान पर राहुल गांधी का पलटवार

# कहा-'अंग्रेजी शर्म नहीं, शक्ति है'

**दिल्ली, 20 जून।** राहुल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारत की हर भाषा में आत्मा, संस्कृति, ज्ञान है, जिसे संजो कर रखना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि हर बच्चे को अंग्रेजी सिखाने की जरूरत है क्योंकि यह एक ऐसे भारत का मार्ग है जो दुनिया के साथ प्रतिस्पर्धा करता है, जो हर बच्चे को समान अवसर देता है।

गृह मंत्री अमित शाह के अंग्रेजी को लेकर दिए बयान के बाद लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि भाषा कोई बाधा नहीं बल्कि एक पुल है जो हर बच्चे को समान अवसर प्रदान करती है, हालांकि भाजपा-आरएसएस नहीं चाहता कि गरीब इसे सीखें क्योंकि यह उन्हें सवाल पूछने का अधिकार देता है। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारत की हर भाषा में आत्मा, संस्कृति, ज्ञान है, जिसे संजो कर रखना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि हर बच्चे को अंग्रेजी



सिखाने की जरूरत है क्योंकि यह एक ऐसे भारत का मार्ग है जो दुनिया के साथ प्रतिस्पर्धा करता है, जो हर बच्चे को समान अवसर देता है। एक किताब के विमोचन के दौरान शाह ने कहा था कि मैं जो कहता हूं उसे याद रखें और मेरी बात ध्यान से सुनें। वह समय दूर नहीं जब इस देश में अंग्रेजी बोलने वाले लोगों को शर्म महसूस होगी। हमारे देश की भाषाएं हमारी संस्कृति के रत्न हैं। उनके बिना हम भारतीय नहीं हैं...विदेशी भाषा के साथ भारत की कल्पना नहीं की जा सकती। किसी भी समाज में किसी भी व्यक्ति को कोई भी भाषा या बोली बोलने में शर्म क्यों महसूस होनी चाहिए, इस सवाल पर प्रतिक्रिया देते हुए वरिष्ठ आरजेडी सांसद मनोज के झा ने कहा, सार्वजनिक जीवन में हर व्यक्ति का यह कर्तव्य होना चाहिए कि वह भाषाओं के बीच बहन जैसा रिश्ता स्थापित करने में मदद करे। अब इस पर पलटवार करते हुए राहुल गांधी ने एक वीडियो पोस्ट किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा कि आज की दुनिया में, अंग्रेज़ी उतनी ही ज़रूरी है जितनी आपकी मातृभाषा - क्योंकि यही रोज़गार दिलाएगी, आत्मविश्वास बढ़ाएगी। भारत की हर भाषा में आत्मा है, संस्कृति है, ज्ञान है। हमें उन्हें संजोना है - और साथ ही हर बच्चे को अंग्रेज़ी सिखानी है। यही रास्ता है एक ऐसे भारत का, जो दुनिया से मुकाबला करे, जो हर बच्चे को बराबरी का मौका दे।

# ममता सरकार को झटका, हाईकोर्ट ने बर्खास्त स्कूल कर्मचारियों को सहायता देने पर लगाई रोक

**कलकत्ता, 20 जून।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने 2016 की भर्ती प्रतीक्षा सूची में शामिल उम्मीदवारों की याचिका के बाद नौकरी से निकाले गए ग्रुप-सी और ग्रुप-डी कर्मचारियों को भत्ते प्रदान करने के दिशा-निर्देशों को खारिज कर दिया। बंगाल सरकार के सहायता देने के फैसले पर अंतरिम रोक लगाते हुए जस्टिस अमृता सिन्हा ने कहा कि राज्य सरकार ग्रुप-सी और ग्रुप-डी कर्मचारियों को भत्ते नहीं दे सकती। यह रोक 26 सितंबर तक लागू रहेगी। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पश्चिम बंगाल सरकार से कहा है कि वह शीर्ष अदालत के आदेश के बाद बर्खास्त किए गए गैर-शिक्षण स्कूल कर्मचारियों को 26 सितंबर तक आर्थिक सहायता न दे। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने 2016 की भर्ती प्रतीक्षा सूची में शामिल उम्मीदवारों की याचिका के बाद नौकरी से निकाले गए ग्रुप-सी और ग्रुप-डी कर्मचारियों को भत्ते प्रदान करने के दिशा-निर्देशों को खारिज कर दिया। बंगाल सरकार के सहायता देने के फैसले पर अंतरिम रोक लगाते हुए जस्टिस अमृता सिन्हा ने कहा कि राज्य सरकार ग्रुप-सी और ग्रुप-डी कर्मचारियों को भत्ते नहीं दे सकती। यह रोक 26 सितंबर तक लागू रहेगी। याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बावजूद अनियमितताओं के कारण बर्खास्त किए गए लोगों को 25,000 रुपये और 20,000 रुपये भत्ते प्रदान करना भ्रष्टाचार को पुरस्कृत करने के बराबर है। अदालत के इस फ़ैसले को कई लोग ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार के लिए झटका मान रहे हैं। हालांकि, कुछ लोगों का मानना ??है कि इस आदेश से राज्य को अस्थायी तौर पर कई करोड़ रुपये के वित्तीय बोझ से राहत मिली है। अदालत के हस्तक्षेप से न केवल भत्ते रुक गए हैं, बल्कि बर्खास्त कर्मचारियों से जुड़े सभी मामले न्यायिक जांच के दायरे में आ गए हैं। इससे राज्य सरकार को अपने रुख को अच्छे इरादे और कानूनी बाधाओं के बीच संघर्ष के रूप में पेश करने का मौक़ा मिल सकता है - एक ऐसा कथानक जिसका इस्तेमाल वह अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले संभावित रूप से कर सकती है। यह मुद्दा सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश से उपजा है, जिसमें 2016 के एसएससी पैनल के लगभग 26,000 उम्मीदवारों की नियुक्तियाँ रद्द कर दी गई थीं, जिनमें ग्रुप-सी और ग्रुप-डी के कर्मचारी शामिल थे। यह आदेश एक जांच के बाद आया, जिसमें कथित नकद-से-नौकरी घोटाले का खुलासा हुआ था।

# शिक्षा विभाग में तीन लाख में ट्रांफसर : अखिलेश

## परिवार के लोग ही समझ सकते हैं बच्चों की परेशानी, मुख्यमंत्री को सड़क, फोरलेन और एक्सप्रेवे में अंतर नहीं पता

**लखनऊ, 20 जून।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार पर शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद करने और शिक्षकों के साथ अन्याय करने का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियां शिक्षा और समाज को नष्ट करने की साजिश रच रही है। शिक्षा विभाग में एक ट्रांसफर के बदले तीन लाख रुपये का रेट है। पढ़ाई और बच्चों की परेशानी परिवार के लोग ही समझ सकते हैं। अखिलेश ने कहा शिक्षा को साजिश के तहत बर्बाद किया जा रहा है। अगर शिक्षा नष्ट होगी तो समाज का स्वरूप क्या होगा? मुलायम सिंह का जिक्र करते हुए कहा कि नेता जी खुद शिक्षक थे और मैं शिक्षक का बेटा होने के नाते हर शिक्षक के दर्द को समझता हूं। उन्होंने कहा कि सपा ने हमेशा शिक्षकों की समस्याओं का समाधान किया, जबकि



भाजपा सरकार शिक्षकों की ओर ध्यान नहीं देती। अखिलेश ने डिजिटल अटेंडेंस को शिक्षकों के लिए अपमानजनक बताते हुए कहा कि इसे पहले प्रशासनिक विभागों में लागू करना चाहिए। उन्होंने मांग की कि डिजिटल अटेंडेंस को स्थगित नहीं, बल्कि पूरी तरह खत्म किया जाए। स्कूल मर्जर को गरीबों को शिक्षा से वंचित करने की रणनीति करार देते हुए उन्होंने कहा कि दो लाख खाली पदों पर भर्ती नहीं हो रही। मर्जर से शिक्षकों की संख्या घटाई जा रही है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में बेटियों की पढ़ाई प्रभावित होगी। अखिलेश ने भाजपा को रूढ़िवादी और विभाजनकारी करार देते हुए कहा कि भाजपा जानती है कि पढ़ा-लिखा व्यक्ति सवाल उठाता है। इसलिए स्कूल कम करना और सरकारी नौकरियां खत्म करना उनका एजेंडा है। मदरसों को बंद करना, बुल्डोजर चलाना और माइनॉरिटी को परेशान करना उनकी मंशा है। उन्होंने भाजपा की नीतियों को अंग्रेजों की डिवाइड एंड रूल नीति से प्रेरित बताया। अखिलेश ने भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि लूट के हाइवे बन रहे हैं। सात हजार करोड़ का हाइवे बनाया गया, लेकिन इंडियन रोड कांग्रेस के मानकों का पालन नहीं हुआ। उन्होंने पूर्वांचल एक्सप्रेसवे का जिक्र करते हुए कहा कि इसका शिलान्यास सपा सरकार में हुआ था लेकिन भाजपा ने इसे अपने नाम कर लिया। इन्होंने इसे मानकों के अनुसार नहीं बनाया है। उन्होंने सरकार के भीतर झगड़े और बंटवारे की बात उठाते हुए कहा कि पूरी सरकार में लेन-देन का झगड़ा चल रहा है। शिक्षा विभाग में तीन लाख रुपये का रेट है। स्मार्ट सिटी के लिए बजट आया, लेकिन पानी भर रहा है। इतना करप्शन पहले कभी नहीं था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के डी कंपनी वाले बयान पर तंज कसते हुए अखिलेश ने कहा कि डी कंपनी से इनके जमीनी रिश्ते हैं। मीडिया एडवाइजर का लेन-देन डी कंपनी से था, इसलिए उनकी याद आ रही है।अखिलेश ने शिक्षकों और युवाओं के साथ सपा की एकजुटता जताते हुए कहा, सपा हमेशा शिक्षकों और नौजवानों के साथ है। जब भी मौका मिलेगा, हम उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे। उन्होंने शिक्षा मित्रों के संघर्ष की सराहना की और प्राथमिक शिक्षकों की समस्याओं को उठाने वाले लाल बिहारी यादव का जिक्र किया, जिन्होंने बताया कि शिक्षकों को 16 जून से स्कूल बुलाया जा रहा है, जबकि बच्चे 1 जुलाई से आएंगे।

# ईरान ने भारत के लिए अपना एयरस्पेस खोला, 1000 भारतीय छात्र लौटेंगे

### इजराइल में माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस के पास गिरी ईरानी मिसाइल

**तेहरान/तेल अवीव, 20 जून।** इजराइल के साथ हफ्ते भर से जारी जंग के बीच ईरान ने भारत के लिए अपना एयरस्पेस खोल दिया है। ऑपरेशन सिंधु के तहत भारत सरकार अगले दो दिनों के दौरान 3 स्पेशल चार्टर्ड फ्लाइट्स से करीब 1 हजार भारतीय छात्रों का वहां से रेस्क्यू करेगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारतीय छात्रों को लेकर एक फ्लाइट शुक्रवार रात और दो फ्लाइट शनिवार दोपहर तक भारत पहुंचेगी। इन फ्लाइट्स की व्यवस्था भारत सरकार ने की है। ये फ्लाइट्स मशहद से उड़ान भरेंगी और दिल्ली में उतरेंगी।

इससे पहले 110 भारतीय स्टूडेंट्स 19 जून को ईरान से अपने देश पहुंचे थे। हालांकि, इन्हें लैंड बॉर्डर के रास्ते ईरान से निकाला गया था। क्योंकि 13 जून को इजराइली हमले के बाद से ईरान का एयरस्पेस इंटरनेशनल फ्लाइट्स के लिए बंद था। ईरान और इजराइल के बीच जंग का आज आठवां दिन है। आज सुबह ईरान ने इजराइल के बीर्शेबा शहर में माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस के पास बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया। इससे कई कारों में आग लग गई। आस-पास के घरों को भी नुकसान पहुंचा। ईरान ने गुरुवार को बीर्शेबा के एक अस्पताल पर मिसाइल दागी थी, जिसमें 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे।ईरान के शुक्रवार सुबह मिसाइल हमले के बाद बीर्शेबा शहर में पार्किंग में खड़ी कई गाड़ियों में आग लग गई। न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका का मानना है कि ईरान अब परमाणु हथियार बनाने की पूरी क्षमता रखता है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने गुरुवार को कहा कि अगर ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई आदेश दे दें, तो ईरान कुछ ही हफ्तों में परमाणु बम बना सकता है। लेविट ने कहा कि ईरान के पास परमाणु हथियार बनाने के लिए जरूरी हर चीज मौजूद है। अब बस उन्हें अपने नेता के हां कहने भर की देर है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर ईरान ऐसा करता है, तो इससे सिर्फ इजराइल नहीं, बल्कि अमेरिका और पूरी दुनिया की सुरक्षा को खतरा होगा।

7 दिन की लड़ाई में अब तक इजराइल के 24 लोग मारे गए हैं, जबकि 600 से ज्यादा लोग घायल हैं। वहीं, वॉशिंगटन स्थित एक ह्यूमन राइट्स ग्रुप ने दावा किया है कि ईरान में मौत का आंकड़ा अब 657 हो चुका है और 2,037 लोग घायल हैं।

# नैनी जेल में अतीक का बेटा 'फांसी घर' भेजा गया

**प्रयागराज, 20 जून।** माफिया अतीक के बेटे अली अहमद को नैनी सेंट्रल जेल की 'फांसी घर' वाली हाई सिक्योरिटी सेल में रखा गया है। अली के पास जेल में कैश बरामद होने के बाद यह सख्ती की गई है। फांसी घर की हाई सिक्योरिटी सेल अन्य बैरकों से काफी दूर है।बैरक के अंदर और बाहर के पूरे रास्ते तक इतने सीसीटीवी लगे हैं कि कोई ब्लैंक स्पॉट नहीं है। बैरक के बाहर 4 सुरक्षाकर्मी और नंबरदारों की ड्यूटी लगी है। प्रयागराज की नैनी सेंट्रल जेल के अंदर बना (फांसी घर) अब खंडहर सरीखी इमारत में तब्दील हो चुका है। साल-1970 से यह वीरान खंडहर की तरह पड़ा है। कभी यहां पर फांसी देने वाले बंदियों को एक दिन पहले लाकर बंद किया जाता था। इस फांसी घर में कुल 14 लोगों को फांसी दी गई गई है। फांसी की सजा पर रोक के बाद अब यह हिस्सा कम ही इस्तेमाल होता है। लेकिन, इस हाई सिक्योरिटी बैरक में अहम कैदियों को रखा जाता है। कई बार ऐसे कैदी, जो साथियों पर हंगामा करते हैं, उन्हें यहां बंद किया जाता है। अब इसी हाई सिक्योरिटी सेल में अली अहमद को रखा गया है।

घर के बाहर घर जैसा आराम
होटल वैशाली
मेन मार्केट चौक, प्रभात टाकीज गली, फैजाबाद
(बस स्टेशन-रेलवे स्टेशन से 2-50 कि.मी.)
एस. बी. आई. अपोलो म्यूनिक हेल्थ इंश्योरेंस के लिए संपर्क करें। मो.- 9919404087




कंचन चौरसिया
महिला जिलाध्यक्ष
उद्योग व्यापार मण्डल व चौरसिया समाज
रमेश कुमार चौरसिया
जिलाध्यक्ष चौरसिया समाज
महामंत्री उद्योग व्यापार मण्डल, फैजाबाद
नोट- पीलिया, बवासीर, गोखरू, कुत्ता काटने इत्यादि की दवा के लिए संपर्क करें।
काकू भाई मो. 9235152444

निदान चिकित्सा केन्द्र
कालेज रोड, खिड़की अलीबेग (फैजाबाद) अयोध्या, मो0- 8577956003
डा. गुंजन यादव
(M.B.B.S.,D.G.O.)
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
डा. रोहित यादव
(M.B.B.S., M.D.)
बालरोग विशेषज्ञ, पीजीआई चण्डीगढ़

डा. राधेश्याम यादव
(M.B.B.S., D.T.C.D.), पूर्व रेजीडेन्ट आफिसर मेडिसिन एवं नेफ्रोलोजी बत्रा अस्पताल नई दिल्ली
पूर्व मुख्य चिकित्साधिकारी (C.M.O) अयोध्या, फैजाबाद
पूर्व जिला क्षय रोग अधिकारी (D.T.O.) अयोध्या, फैजाबाद
पूर्व संयुक्त निदेशक (J.D.) आजमगढ़ मण्डल, आजमगढ़ (रजि. नं.- 29775)
प्रबंधक:- हरगोविन्द यादव

# उत्तर प्रदेश में शुरू हुआ पहला ऑडियो-विजुअल 'उम्मीद परामर्श केंद्र'



बहराइच ।परिवार नियोजन के क्षेत्र में एक नई और नवाचारी पहल करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेजवापुर में 'उम्मीद परामर्श केंद्र' का उद्घाटन सीएचसी अधीक्षक डॉ. अभिषेक अग्निहोत्री ने किया। यह प्रदेश का पहला ऐसा केंद्र है जहाँ लाभार्थियों को परिवार नियोजन के विकल्पों की जानकारी ऑडियो-विजुअल माध्यम से दी जाएगी।यह पहल पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा मोबियस फाउंडेशन के सहयोग से संचालित 'उम्मीद परियोजना' के अंतर्गत शुरू की गई है।जिसमें दंपतियों को आधुनिक गर्भनिरोधक साधनों की सटीक जानकारी देना है ताकि वे अपनी जरूरत के अनुसार सही विकल्प चुन सकें।सीएचसी अधीक्षक डॉ. अभिषेक अग्निहोत्री ने बताया कि परामर्श केंद्र में एलईडी स्क्रीन, जागरूकता फिल्में और गर्भनिरोधक साधनों का डेमो सेटअप उपलब्ध कराया गया है। यहां प्रशिक्षित स्टाफ नर्सों द्वारा गुणवत्तापूर्ण काउंसलिंग दी जाएगी, जिससे सेवाएं सतत और भरोसेमंद बनी रहें।यह पहल विशेषकर दो गर्भधारण के बीच कम से कम तीन साल का अंतर सुनिश्चित करने में सहायक होगी, जो मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए आवश्यक है।उन्होंने बताया कि परिवार नियोजन को लेकर समाज में अब भी झिझक और भ्रांतियाँ हैं। ऑडियो-विजुअल माध्यम से परामर्श देना एक ऐसा नवाचार है जिससे लाभार्थी सरलता से जानकारी लेकर अपनी शंकाओं का समाधान कर सकें। कार्यक्रम में पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के कंसल्टेंट रामबरन यादव ने बताया कि 'उम्मीद परियोजना' वर्तमान में उत्तर प्रदेश के सात जिलों में संचालित हो रही है। इसके अंतर्गत आशा और एएनएम का क्षमता विकास किया जा रहा है, ताकि वे समुदाय में परिवार नियोजन पर जागरूकता बढ़ा सकें।पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया की डॉ. सफिया ज़मीर ने कहा -यह पहल इस बात का प्रमाण है कि यदि नेतृत्व संवेदनशील और दूरदर्शी हो तो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भी नवाचार और गुणवत्ता की मिसाल बन सकते हैं। इस अवसर पर फार्मासिस्ट, बीपीएम, बीसीपीएम, स्टाफ नर्स, एएनएम, आशा कार्यकर्ता सहित सीएचसी का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि डिजिटल तरीके से दी जाने वाली जानकारी लाभार्थियों के साथ संवाद को और अधिक सहज एवं प्रभावी बनाएगी, विशेष रूप से किशोरियों, नवविवाहितों और पुरुषों के लिए यह व्यवस्था अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी।

# एएनएम के बेटे ने नीट परीक्षा में 446 अंक पाकर हासिल किया एमबीबीएस सीट



बांसी सिद्धार्थनगर विकास क्षेत्र मिठवल के कुदारन खास निवासी आयुष कुमार ने देश की प्रतिष्ठित मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में 720 में से 446 अंक लाकर एमबीबीएस की सीट हासिल करके परिवार सहित क्षेत्रवासियों का मान सम्मान बढ़ाया ।अनुसूचित वर्ग से संबंध रखने वाले आयुष ने आल इंडिया 127953 जबकि कैटगरी रैंक 5381 हासिल किया है आयुष की मां सुशीला ने बताया कि बेटा आयुष बचपन से ही पढ़ने में तेज था पढ़ाई के दौरान ही हमेशा अच्छे नंबर लाता रहा अपनी कक्षा में अभी हाल ही में इण्टर की सीबीएसई परीक्षा में 92 प्रतिशत अंक प्राप्त करके अपने विद्यालय को टॉप किया है आयुष की पढ़ाई बचपन से ही लिटिल फ्लावर स्कूल में हुई है इसी वर्ष इण्टर की परीक्षा में अच्छे नंबरों से सफलता मिली है यह नीट परीक्षा में आयुष का पहला प्रयास था और पहले ही प्रयास में आयुष ने सेल्फ तैयारी करके 446 अंक प्राप्त कर लिया।आयुष ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता को दिया उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा प्रभाव मेरी मां का पड़ा क्योंकि वह पहले से ही स्वास्थ्य विभाग में जनपद के ही भनवापुर में एएनएम के रूप कार्यरत है जिनसे हमें प्रेरणा मिलती रही और डा बनने का सपना बचपन से ही हमने बना लिया और पापा सुनील कुमार जाटव पशुपालन विभाग में है उन्होंने हमारे सपनो को पूरा करने के लिए प्रेरित किया और हर कदम पर साथ दिया दोनों लोगों को देखकर चिकित्सा क्षेत्र में जाकर लोगों की सेवा करने का दृढ़ संकल्प लिया और उसी अनुसार अपनी पढ़ाई की दिनचर्या बनाई जिससे यह सफलता हासिल हो सकी है आयुष ने बताया कि बाबा काशी प्रसाद पूर्व प्रधानाध्यापक है जिनसे शिक्षा के प्रति हमारा झुकाव बढ़ता रहा और बाबा हमेशा पढ़ने के लिए हमलोगों को प्रेरित करते रहते थे।इस सफलता पर क्षेत्र के लोगों में हर्ष का माहौल है ।आयुष के इस सफलता पर मिठवल ब्लॉक के पशु चिकित्सा अधिकारी डा राकेश चौधरी,रवि कपूर ग्राम पंचायत अधिकारी,ओमप्रकाश लेखपाल,अधिवक्ता राजेश शर्मा,चक्रधारी मास्टर,ग्राम प्रधान गोविंद तिवारी,सहित कई गणमान्य लोगों ने आयुष को एमबीबीएस की सीट मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दिया।

# कांग्रेसियों ने मरीजों को फल देकर मनाया राहुल गांधी का जन्म दिवस



बहराइच। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के जन्म दिवस के अवसर पर कांग्रेसियों ने जिलाध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह व वरिष्ठ कांग्रेसी डॉक्टर अजीमुल्ला खान के नेतृत्व में बहराइच मेडिकल कॉलेज में मरीजों को फल वितरित कर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।जानकारी के अनुसार कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह,वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अजीम उल्लाह खान,रवि श्रीवास्तव व हमजा शफीक आदि आदि द्वारा मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में फल वितरित कर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का जन्म दिवस मनाया गया।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह ने कहा कि जन्म दिवस खुशी का प्रतीक है और इस अवसर पर हम लोगों ने मरीजों की सेवा कर उन्हें फल प्रदान कर पुण्य का कार्य किया है। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता डॉ अजीमुल्ला खान ने कहा कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का जन्म दिवस मरीजों के बीच फल वितरित कर मनाना सबसे बेहतर है।क्योंकि मरीजों को स्वास्थ्य लाभ के लिए फलों की आवश्यकता होती है और उनके दुख मे शामिल होना ही मानवता है । इस अवसर पर कांग्रेसी नेता हमजा शफीक,रवि श्रीवास्तव, जिला फार्मेसी अधिकारी जी.सी. सोनकर व वरिष्ठ फार्मेसिस्ट डा. रहमान खान आदि मौजूद रहे।

# भाजपा कार्यालय पर होगा योगाभ्यास

बहराइच। प्रत्येक वर्ष 21 जून को मनाए जाने के क्रम में आज योग दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर प्रातः काल 8ः00 बजे से 9ः00 बजे तक जिला अध्यक्ष भाजपा बृजेश पांडे की अध्यक्षता में योग दिवस मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में सभी जिला पदाधिकारी, सभी मोर्चो के पदाधिकारी और सभी कार्यकर्ता सादर आमंत्रित हैं।आज होने वाले कार्यक्रम के जिला संयोजक जिला उपाध्यक्ष भाजपा राहुल राय व सह संयोजक जिला मंत्री भाजपा हेमा निगम हैं।

# मानक विहीन निर्माण को लेकर सभासद ने उपजिलाधिकारी से की शिकायत



बहराइच। नगर पंचायत कैसरगंज के वार्ड नंबर 5 स्थित शाहनपुरवा में जद्दू व यासिर के घर के पीछे से मेन रोड तक नगर पंचायत द्वारा कराए जा रहे मानक विहीन सीसी सड़क निर्माण को लेकर वार्ड सभासद रोहित कुमार मौर्य द्वारा उपजिलाधिकारी कैसरगंज से लिखित शिकायत की गई है।श्री मौर्य ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठाते हुवे आरोप लगाया है कि हो रहे निर्माण में पीले ईंटों का रोड़ा व मिट्टी डाला जा रहा है,सीमेंट व की मात्रा भी संतुलित नहीं है।जो कि निर्माण मानकों का खुला उल्लंघन है। जिससे सड़क जल्द ही धंसने व टूटने की संभावना है।सभासद ने अपने शिकायती पत्र में मांग की है कि उक्त निर्माण स्थल की तत्काल जांच करवाकर दोषियों पर सख्त से सख्त कार्यवाही की जाए।मानकविहीन निर्माण को लेकर स्थानीय नागरिकों ने भी नाराजगी जताते हुए कहा है कि सरकारी धन का दुरुपयोग करते हुए अत्यंत घटिया निर्माण किया जा रहा है, जिससे जनता को सुलभ सुविधाओं के बजाय भविष्य में कई परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। लोगों ने नगर पंचायत कैसरगंज में करवाए गए कई विकास कार्यों पर प्रश्नचिन्ह लगाए हैं।उनका यह भी कहना है कि अधिकांश सड़कों के निर्माण में मानकों का घोर उल्लंघन किया गया है।आरोप है कि नगर पंचायत से संबंधित अधिकारी फिलहाल इस पूरे मामले में चुप्पी साधे हुए हैं। किसी प्रतिनिधि या जन सामान्य के द्वारा जानकारी लेने या मौखिक शिकायत करने की स्थिति में अधिशासी अभियंता अनजान बन जाते हैं। सूत्रों की माने तो उनका कहना है कि पूरे प्रकरण पर रसूखदारों का हाथ है तो कोई क्या करेगा। उक्त के संदर्भ में ई.ओ. कैसरगंज शिवम द्विवेदी ने बताया कि ठेकेदार संजीव शर्मा को नोटिस भेजी गई है, जेई को मौके पर भेजा है,पीले ईंटों के रोड़े हटवाकर गिट्टी डाली जाएगी।

# विश्व सिकिल सेल जागरूकता दिवस पर कार्यक्रम सम्पन्न




बहराइच। विश्व सिकिल सेल जागरूकता दिवस -2025 के उपलक्ष्य में हेल्प फाउंडेशन एवं समाज कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जनजातीय कार्य मंत्रालय ,भारत सरकार द्वारा संचालित धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष ग्राम अभियान के अंतर्गत चयनित ग्राम फ़कीरी पुरी ,विशुनापुर एवं बर्दिया के निवासियों को संयुक्त रूप से ग्राम बर्दिया में एकत्रित कर एक वृहद कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभिषेक वर्मा ब्लॉक प्रमुख मिहींपुरवा रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता श्यामलाल ग्राम प्रधान बर्दिया ने की । हेल्प फाउंडेशन के उपाध्यक्ष बृज नारायण तिवारी द्वारा अतिथियों को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र प्रदान कर स्वागत किया गया कार्यक्रम में सिकिल सेल बीमारी के सम्बन्ध में एसीएमओ डॉ.अनुराग वर्मा ने वृहद चर्चा करते हुवे उपस्थित ग्राम वासियों को जानकारी प्रदान की ।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक,मिहींपुरवा डॉ. थानेदार द्वारा भी सिकिल सेल बीमारी की जांच, रोकथाम एवम इलाज के बारे में बताया गया। कार्यक्रम के संयोजक एवं उद्घोषक के रूप जे.डी. द्विवेदी रहे जिन्होंने सिकिल सेल जागरूकता दिवस के मुख्य उद्देश्य, रणनीति ,और सिकिल सेल उन्मूलन मिशन के बारे चर्चा करते हुवे धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष ग्राम अभियान के बारे में आम जनता से संवाद किया ।कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ विभाग की टीम द्वारा मरीजों की जांच कर दवाओं का वितरण कर मरीजों को स्वास्थ्य सलाह प्रदान की गई।इस दौरान समाज कल्याण विभाग से आशीष कुमार ,रामनिवास राणा ,पंचायत सहायक सबा खान ,मंगलबिहारी स्वास्थ्य विभाग से डॉ अतुल वर्मा ,बीपीएम राधेश्याम ,सीएचओ सुमन कुमारी आशा संगिनी प्रेम कुमारी ,आशा सविता ,हिना रेखा ।स्टाफ नर्स कौशर जहां ,डॉ रश्मि ,डॉ संदीप ,रेखा ,आंगनबाड़ी कार्यकत्री धनपती ,सजनी सहायिका संदीप कुमारी तथा सैंकड़ो की संख्या में आदिवासी आदि उपस्थिति रहे।

# घड़ियाल प्रजाति संरक्षण कार्यक्रम की गवाह बनी गेरूवा नदी की स्वच्छ जल धारा





बहराइच। मंत्री, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (वन्यजीव प्रभाग) भारत सरकार भूपेन्द्र यादव ने प्रदेश के राज्यमंत्री, वन, पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के.पी. मलिक, सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड, महानिदेशक वन एवं विशेष सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार सुशील कुमार अवस्थी व अपर महानिदेशक (वन्यजीव) पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, रमेश कुमार पाण्डेय, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं विभागाध्यक्ष वन विभाग उ.प्र. सुनील चौधरी सहित अन्य अधिकारियों के साथ कतर्नियाघाट की लाईफ लाइन गेरूआ नदी में नौका विहार किया तथा घड़ियाल के एक वर्षीय बच्चों को नदी की जल धारा में छोड़कर घड़ियाल प्रजाति संरक्षण कार्यक्रम का श्रीगणेश किया।वन मंत्री यादव ने कहा कि वन और वन्यजीव इस धरती की प्राकृतिक धरोहर है। वनों और वन्यजीवों से पारिस्थितिकीय संतुलन बना रहता है, जो मानव जीवन को समृद्ध और सुखमय बनाते हैं। भारत में विभिन्न प्रजातियों के कई वन्यजीवों का वास है। वन्यजीव भी प्राणी हैं। उन्होंने कहा कि दुधवा टाईगर रिज़र्व के भ्रमण के दौरान उन्होंने जनप्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों, कन्जर्वेशन के लिए कार्य करने वाले गैर सरकारी संगठनों तथा वन क्षेत्रों के आस-पास स्थित ग्रामवासियों के साथ बैठके की है जिसमें 25 से 30 सुझाव प्राप्त हुए। उन्होंने कहा कि प्राप्त हुए सुझावों को शामिल करते हुए वन एवं वन्यजीवों के विकास एवं संरक्षण की कार्ययोजना तैयार की जायेगी ताकि मानव व वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं में कमी लायी जा सके।वन मंत्री यादव ने कहा कि देश के . प्रधानमंत्री ी नरेन्द्र मोदी जी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का विजन है की समुदाय आधारित विकास हो और लोग हेल्दी इन्वायरमेंट में स्वस्थ जीवन जी सकें। उन्होंने कहा कि नाना प्रकार पर्यावर्णीय समस्याओं के सरल समाधान के रूप में हमें अधिक से अधिक पौध रोपित करने होंगे। यादव ने लोगों का आहवान किया कि एक पेड़ के नाम अवश्य लगायें। घने वनों, कल-कल, छल-छल करती अथाह जलराशि से पूरित नदियों, सुन्दर मनोहारी वन्य जीवों, पशु पक्षियों के कलरव से गुंजित भू-भाग पर फैले कतर्नियाघाट को अत्यन्त सुन्दर व अद्वितीय स्थान बताते हुए कहा कि यहां का अनुभव उनके लिए अविस्मरणीय अनुभव है। उन्होंने कहा कि वह प्रदेश के ऐसे स्थानों के विकास के लिए प्रदेश सरकार व मुख्यमंत्री से विचार-विमर्श करेंगे। कतर्नियाघाट अच्छी कनेक्टिविटी व अनोखे हैबीटेट के कारण प्राकृति प्रेमियों के बीच अत्यन्त लोकप्रिय स्थान है।वन मंत्री ने कहा कि बाघ, हाथी व गैंगटिक डॉल्फिन इत्यादि वन्यजीवों के संरक्षण के पूर्व से परियोजनाएं संचालित है। गेरूआ नदी में घड़ियाल के बच्चों को छोड़कर घड़ियाल प्रजाति संरक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की जा रही है। यादव ने आमजन से अपील की कि वन एवं वन्यजीवों के संरक्षण में सक्रिय सहयोग प्रदान करें। श्री यादव ने बताया कि विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि मुआवज़े से सम्बन्धित प्रकरणों समयबद्ध कार्यवाही करें ताकि पीड़ित पक्ष को सहायता मिलने में विलम्ब न होने पाये। कतर्नियाघाट के भ्रमण के दौरान वन मंत्री यादव ने इन्टरप्रिटेशन सेन्टर में स्पेशल टाईगर प्रोटक्शन फोर्स के जवानों के संवाद कर संचालित गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रदान की तथा जंगल गश्त हेतु किट का वितरण किया। इस अवसर पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) अनुराधा वेमुरी, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (प्रोजेक्ट टाइगर) ललित वर्मा, सहायक महानिदेशक, पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार राकेश कुमार जोगनिया, संयुक्त निदेशक, वाइल्डलाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो नई दिल्ली डॉ कृपाशंकर, फील्ड डायरेक्टर दुधवा एच. राजामोहन, प्रभागीय वनाधिकारी कतर्नियाघाट बी. शिवशंकर, उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा प्रकाश सिंह, डब्लू.डब्लू.एफ. इण्डिया के को-आर्डिनेटर आशीष विष्टा, वरिष्ठ परियोजना अधिकारी दबीर हसन, पशु चिकित्साधिकारी डॉ. दीपक सहित अन्य सम्बन्धित लोग मौजूद रहे।

# सूरज ढलते ही शुरू हो जाता है सफेद सोने का काला कारोबार



बहराइच। बालू खनन को लेकर देशट्टविदेश में चर्चित प्रदेश के तेज तर्रार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त निर्देशों के बावजूद तहसील मुख्यालय कैसरगंज में अवैध बालू खनन का कारोबार चरम पर है,सूरज ढलते ही तहसील क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में अवैध बालू खनन जोर पकड़ लेता है, और अवैध खनन किए गए बालू के ठेकेदार प्रशासन की नाक के नीचे निर्धारित गंतव्य पर गए बालू का पहुंचाया करते हैं।शासन के निर्देशानुसार किसी भी प्रकार के मिट्टी या बालू का खनन बिना अनुमति के एक संज्ञेय अपराध है।बावजूद कैसरगंज क्षेत्र में खुलेआम अवैध खनन के बाद भी अवैध जिम्मेदार अपनी आंख पर पट्टी बांधकर बैठा है।सफेद सोने के इस अवैध व्यापार में विभिन्न क्षेत्रों में ट्रालियों के संचालक व उनके सरपरस्त रोजाना राजस्व को भारी क्षति पहुंचकर अवैध रूप से हजारों की कमाई कर अपनी अपनी जेबें भ भर रहे हैं।सूत्र बताते हैं कि इस पूरे प्रकरण में प्रशासन व पुलिस की संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता।बड़ा प्रश्न यह भी है कि एक जरूरतमंद किसान को अपने खेत से मिट्टी के लिए शासन प्रशासन की अनुमति लेनी पड़ती है तो ऐसे में सूरज ढलते ही रात में दर्जनों अवैध ट्रालियों का संचालन कैसे हो सकता है।

# प्रदेश सरकार किसी दुर्घटना में मृत्यु होने पर कृषक के परिवार को दे रही है रू0 05 लाख की आर्थिक सहायता

बहराइच । हमारे देश का किसान अपनी फसल की बुवाई से लेकर कटाई तक बड़ी जीतोड़ मेहनत करता है। चाहे गर्मी का मौसम हो, सर्दी का मौसम हो या बरसात का मौसम हो हमारे देश का किसान हर मौसम से लड़ते हुए बहुत मेहनत से फसल को घर तक ले आता है। इस दौरान ठंड गर्मी या आकाशीय बिजली गिरने, किसी दुर्घटना से कभी-कभी किसानों की मौत भी हो सकती है। इस तरह परिवार के कमाऊ सदस्य की असामयिक मौत या दुर्घटना हो जाने से किसान परिवार के ऊपर दुखों का पहाड टूट पड़ता है। इसी समस्या को दृष्टिगत रखते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने 'उ0प्र0 मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना की शुरूआत की है। यदि किसी किसान की असामयिक मृत्यु/दिव्यांगता होती है तो उसके परिवार को रु0 05 लाख तक की आर्थिक सहायता दी जाती है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के किसानों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने हेतु उ.प्र. मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना की शुरुआत 2019 में की गई थी और इस योजना का संचालन जिले के जिलाधिकारी द्वारा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत जो किसान 14 सितंबर 2019 के बाद से किसी दुर्घटना में मृत्यु होने पर इस योजना का लाभ प्रदान किया जा रहा है।

किसानों की आजीविका का एकमात्र साधन कृषि ही होता है, अगर किसी परिवार के कमाऊ सदस्य किसान की दुर्घटनावश मृत्यु हो जाती है, या वह शारीरिक रूप से अक्षम हो जाता है, जिसके कारण वह कृषि करने के लायक नहीं रह जाता तो उसके परिवार की जीविका चलाने के लिए कोई साधन नहीं बचता है। इसी समस्या से निपटने के लिए राज्य सरकार ने इस योजना को शुरू करने का निर्णय लिया है। उ0प्र0 मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत किसी किसान की दुर्घटनावश असामयिक मृत्यु हो जाती है तो उसे उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा रु0 05 लाख तक का मुआवजा प्रदान किया जाता है और यदि किसान की मृत्यु नहीं होती है फिर भी वह विकलांग होता है तो उसे आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना के तहत राज्य के सभी किसानों को शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना में विभिन्न दुर्घटनाओं में मृत्यु/गंभीर घायलोंको लाभ प्राप्त होता है, जिनमें सांप अथवा अन्य जीव-जंतु व जानवर के काटने, मारने व आक्रमण की स्थिति में, आग लगने, बाढ़, बिजली गिरने, करंट लगने से होने वाली दुर्घटना की स्थिति मे, हत्या, आतंकवादी हमला, लूट, डकैती, मारपीट में हुई दुर्घटना में, समुद्र, नदी, झील, तालाब, पोखर व कुएं में डूबने से, रेल, सड़क और हवाई यात्रा के दौरान होने वाली दुर्घटना, आंधी-तूफान, वृक्ष गिरने, दबने व मकान गिरने से होने वाली क्षति के कारण, आकाश से बिजली गिरने, आग लगने, बाढ़ आदि में होने वाली दुर्घटना की स्थिति में और सीवर चैम्बर में गिरने से होने वाली दुर्घटना की स्थिति में किसान /संबंधित परिवार को लाभान्वित किया जाता है। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत लाभ उन्ही किसानों को दिया जायेगा जो उत्तर प्रदेश के स्थायी निवासी हैं। जिनकी आयु 18 से 70 वर्ष के मध्य हो। भूलेख निर्गत खतौनी में दर्ज खातेदार/सह खातेदार, भूमिहीन व्यक्ति जो पट्टे से प्राप्त कृषि भूमि के पट्टाधारक हो या बटाईदार जो कृषि का कार्य करते हो उनकी दुर्घटनावश मृत्यु अथवा विकलांगता के शिकार हुए हों उनके माता-पिता, पत्नी, पुत्र-पुत्री, पुत्रवधू, पौत्र-पौत्री जिनकी आय का जरिया खातेदार/सहखातेदार में दर्ज कृषिभूमि से चलता हो, इस योजना के लिए पात्र होंगें। ऐसे किसान जिनके पास खुद की जमीन नहीं है किन्तु वह बटाई अथवा पट्टे की भूमि लेकर खेती करतें हैं उन्हें अथवा उनके आश्रितों को भी योजना का लाभ दिया जाता है।

मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना में आवेदन करने हेतु प्रमुख दस्तावेज लगाने होते है जिनमें तहसील से प्राप्त खतौनी की प्रमाणित प्रति, रजिस्टर्ड निजी पट्टेदार हेतु प्रस्त 3 (क) के अनुसार पट्टे की प्रमाणित प्रति, बटाईदार हेतु प्रस्तर 3 (ख) के अनुसार कोई एक प्रमाण पत्र, नृतक विकलांग व्यक्ति की आयु का प्रमाण, मृत्यु प्रमाण पत्र, मृतक/ विकलांग निवास का प्रमाण, मृतक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट अथवा जहां पर पोस्टमार्टम संभव नहीं है वहां पर पंचनामा, दिव्यांगता की स्थिति में मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र, मृतक के उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, मोबाइल नंबर, आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति संलग्न करने होते है। प्रदेश के राजस्व विभाग द्वारा मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के सफल एवं सुचारू रूप से क्रियान्वयन किये जाने हेतु वेबपोर्टल/सॉफ्टवेयर तैयार किया गया है जो आमजनता के लिए क्रियाशील है।

उत्तर प्रदेश में इस योजनान्तर्गत शुरूआत से लेकर अब तक कुल प्रदेश के दुर्घटनाग्रस्त मृत्यु पर 1,01,237 किसानों को रू0 4252.50 करोड़ का वितरण करते हुए लाभान्वित किया गया है।

संस्थापक सम्पादक-स्व.कैलाशनाथ
श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट जौनपुर एवं तरुणमित्र मीडिया प्रा.लि.द्वारा तरुणमित्र हिन्दी दैनिक के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक-आदर्श कुमार
* स्थानीय सम्पादक-राजेन्द्र प्रसाद यादव
तरुणमित्र के लिए आदर्श कुमार इण्डियन एक्सप्रेस सी.-26 अमौसी इण्डिस्ट्रियल एरिया लखनऊ से मुद्रित एवं बड़ी देवकाली मंदिर के बगल बेनीगंज रोड, अयोध्या (उ.प्र.) से प्रकाशित, आर.एन.आई. नं.- 55856/90
फोन नं.- 05278-363073
मो.नं. : 9451922445
ई-मेल- tarunmitra@rediffmail.com, tarunmitrafaizabad@gmail.com
* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तर दायी एवं उत्पन्न समस्त विवाद फैजाबाद न्यायालय के अधीन ही होगें।

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक



बहराइच । बृहस्पतिवार की देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित अभियोजन विभाग की मासिक समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने विभिन्न न्यायालयों में योजित गम्भीर धाराओं में अपराधियों के विरुद्ध प्रचलित मुकदमों पर विशेष चर्चा करते हुए ट्रायल को गति देने के निर्देश दिये गये। डीएम व एसपी ने निर्देश दिया कि जिन प्रकरणों में दोष मुक्ति हुई है उनकी विशेष समीक्षा कर अपील में जाने योग्य वादों में समयबद्ध रुप से अपील कर प्रभावी पैरवी की जाय।बैठक का संचालन करते हुए संयुक्त निदेशक अभियोजन राजेन्द्र प्रसाद द्वारा बताया गया कि मा. सत्र न्यायालयों में प्रभावी पैरवी कर कुल 18 मामलों में सजा दिलायी गयी, जिसमें 08 मामले महिला अपराध से संबंधित है। पाक्सों अधिनियम के 7 मामले में सजाई करायी गयी, जिसमें 04 मामलों में 20 वर्ष का कारावास, 02 मामलों में 10 वर्ष का कारावास व 01 मामले में 03 वर्ष के कारावास की सजा करायी गयी। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार अधीनस्थ न्यायालयों में कुल 3324 भा.द.स. एवं बीएनएस के मामले एवं 1339 अन्य अधिनियम के मामलों में प्रभावी पैरवी कराते हुए अभियुक्तों को मा. न्यायालय द्वारा दण्डित कराया गया। बैठक में एडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा एवं ग्रामीण दुर्गा प्रसाद, डीजीसी क्रिमिनल गिरीश चन्द्र शुक्ला, संत प्रताप सिंह विशेष शासकीय अधिवक्ता, अभियोजन अधिकारी निर्मल कुमार यादव, एपीओ आकाश अरूण, तबस्सुम, प्रमोद कुमार, एसपीपी पाक्सो संतोष कुमार सिंह, प्रमोद कुमार सिंह एडीजीसी क्रिमि., प्रेम प्रकाश मिश्रा, सुनील कुमार जायसवाल उपस्थित रहे।

# ई-ऑफिस व आईजीआरएस सन्दर्भों की समीक्षा हेतु बैठक

बहराइच । जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में 23 जून 2025 को अपरान्ह 03:00 बजे से आईजीआरएस संतुष्टि, ई-ऑफिस, आई गॉट पंजीकरण तथा अपरान्ह 05:00 बजे से सी.एम. डैश बोर्ड में बी., सी., डी. ग्रेड वाले विभागों की समीक्षा बैठक आहूत की गई है। यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को ससमय बैठक में प्रतिभाग करने के निर्देश दिये हैं।

# योगी सरकार में अयोध्या में सुरक्षा कर्मियों की सुविधा पर विशेष ध्यान

*आरजेबी परिसर में बन रहा आधुनिक आवासीय भवन
*150 कमरों के भवन के अलावा ट्रांजिट हॉस्टल, मेस व स्टोर का भी चल रहा निर्माण,मल्टीपर्पज हॉल भी बन रहा है
*22 करोड़ की लागत से लोक निर्माण विभाग कर रहा तैयार

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आधुनिक आवासीय भवन न सिर्फ सुविधाजनक प्रशासनिक संचालन को सुनिश्चित करेंगे, बल्कि सुरक्षा व्यवस्था को भी और अधिक मजबूत बनाएंगे। योगी सरकार की अगुवाई में अयोध्या को एक सुरक्षित, सुव्यवस्थित और आधुनिक धार्मिक नगरी के रूप में विकसित करने की दिशा में यह एक अहम कदम माना जा रहा है। बल्कि यहाँ तैनात सुरक्षा कर्मियों की सुविधाओं और कल्याण को भी प्राथमिकता दे रही है। इस दिशा में श्रीराम जन्मभूमि (आरजेबी) परिसर की सुरक्षा में लगे कर्मियों के लिए एक अत्याधुनिक आवासीय भवन का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इस परियोजना के तहत 150 कमरों वाला भवन, ट्रांजिट हॉस्टल, मेस, स्टोर और मल्टीपर्पज हॉल जैसी सुविधाएँ विकसित की जा रही हैं, जो कर्मियों के जीवन को और सुगम बनाएंगी।लोक निर्माण विभाग द्वारा 22 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस भवन का निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा के अनुसार प्रगति पर है। परियोजना को 14 अक्टूबर 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान में भवन का स्ट्रक्चरल कार्य पूरा हो चुका है और प्लास्टर, पेंटिंग व अन्य फिनिशिंग कार्य तेजी से चल रहे हैं। यह परियोजना अयोध्या में सुरक्षा कर्मियों के लिए बेहतर आवासीय सुविधाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस भवन के निर्माण से आरजेबी परिसर में तैनात सुरक्षा कर्मियों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में काफी सहूलियत होगी।

पहले कर्मियों को आवास के लिए अन्य स्थानों पर निर्भर रहना पड़ता था, जिससे समय और संसाधनों की बर्बादी होती थी। नए भवन के तैयार होने से यह समस्या समाप्त हो जाएगी।ट्रांजिट हॉस्टल की सुविधा उन कर्मियों के लिए विशेष रूप से लाभकारी होगी, जो अस्थायी तैनाती पर अयोध्या आते हैं। मेस और स्टोर की व्यवस्था से कर्मियों को भोजन और अन्य आवश्यक सामानों की आसान उपलब्धता सुनिश्चित होगी।मल्टीपर्पज हॉल का निर्माण इस परियोजना का एक और महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह सुविधा कर्मियों के बीच आपसी समन्वय और सामुदायिक भावना को बढ़ावा देगी, जिससे उनका मनोबल और कार्यक्षमता बढ़ेगी। सरकार का मानना है कि कर्मियों को बेहतर सुविधाएँ मिलने से वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन और अधिक समर्पण के साथ कर पाएंगे। यह परियोजना अयोध्या को एक सुरक्षित और विकसित शहर बनाने की दिशा में भी योगदान देगी।

अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग खंड 2 उमेश चन-?द्र ने बताया कि निर्माण कार्य को समय पर पूरा करने के लिए सभी संसाधन जुटाए गए हैं। यह परियोजना सरकार की उस प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसमें सुरक्षा कर्मियों की गरिमा और सुविधा के साथ-साथ अयोध्या का समग्र विकास शामिल है। इस भवन के पूरा होने पर आरजेबी परिसर कर्मियों के लिए एक आदर्श कार्यस्थल के रूप में उभरेगा।

## चौक में प्रस्तावित काम्प्लेक्स का नाम मौलवी अहमद उल्ला शाह करने की मांग

**अयोध्या।** अशफ़ाक उल्ला खां मेमोरियल शहीद शोध संस्थान के प्रबंध निदेशक सूर्य कांत पाण्डेय ने अयोध्या नगर निगम के महापौर महन्त गिरीश पति त्रिपाठी को ज्ञापन देकर सब्जी मंडी चौक में प्रस्तावित काम्प्लेक्स का नाम मौलवी अहमद उल्ला शाह करने की मांग किया। ज्ञापन में बताया गया है कि प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महत्वपूर्ण शहीद मौलवी अहमद उल्ला शाह इसी जगह स्थित मस्जिद सराय में रहते थे। स्वतंत्रता संग्राम के के नायक मौलवी साहब ने 8 जून को फैजाबाद को आजाद करवाया तथा स्थानीय प्रशासन की जिम्मेदारी हिंदू राजा को सौंप दिया। ज्ञापन में बताया गया कि उन्हें अनेक नामों से जाना जाता था। उनकी बहादुरी से अंग्रेजी अफसर खौफ खाते थे। अंग्रेजों ने उन्हें पकड़ने के लिए उस वक्त पचास हजार रूपए का इनाम घोषित किया था। श्री पाण्डेय ने बताया कि सावरकर की पुस्तक प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 में उनके संघर्षों को महत्वपूर्ण तरीके से वर्णित किया है। उन्होंने उस किताब में उनके पराक्रम और बहादुरी को प्रमुखता से लिखा है। महापौर ने काम्प्लेक्स का नाम मौलवी अहमद उल्ला शाह के नाम करवाने का आश्वासन भी दिया इस मौके पर संस्थान के सचिव विश्व प्रताप सिंह अंशू भी मौजूद रहे।

# अखिलेश को पुन: सीएम बनाने हेतु विधान सभावार पीडीए चर्चा मिशन की होगी शुरुआत : राममूर्ति



**टाण्डा अम्बेडकरनगर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को 2027 में पुन: मुख्य मंत्री बनाये जाने व समाजवादी पार्टी के परचम को एक बार फिर बुलंदियों पर ले जाने के लिए विधान सभा वार पीडीए चर्चा मिशन की शुरुआत होना है।

प्रथम दिन राष्ट्रीय सचिव व टांडा विधायक राममूर्ति वर्मा ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को 2027 में मुख्यमंत्री बनाने की शपथ लेते हुए पीडीए पर्चा को घर घर तक पहुंचाने की रणनीति बैठक कर बनाई है। उन्होंने पदाधिकारियों के साथ विशेष बैठक कर पूरे विधान सभा क्षेत्र में पोलिंग बूथों पर बैठक कर पीडीए का मकसद आमजनों तक पहुंचाने की रणनीति तय किया है।

टांडा विधायक श्री वर्मा ने बैठक में कहा कि आगामी 22 जून से पोलिंग बूथों पर सपा के पीडीए कहो बाबा साहब के मान पर चर्चा, अब घर घर पहुंचे पीडीए का पर्चा पहुंचाने का काम किया जाएगा जिसके लिए पोलिंग बूथवार कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई है। श्री राममूर्ति ने कहा कि जिस पोलिंग बूथ पर कार्यक्रम होगा वहाँ के पोलिंग बूथ अध्यक्ष व अन्य टीम मौजूद होंगे और पीडीए पर्चा को पूरे विधान सभा के एक एक घर. कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई है। श्री वर्मा ने कहा कि जिस पोलिंग बूथ पर कार्यक्रम होगा वहाँ के पोलिंग बूथ अध्यक्ष व अन्य टीम मौजूद होंगे और पीडीए पर्चा को पूरे विधान सभा के एक एक घर तक पहुँचाएँगे जिससे आगामी 2027 में सपा की सरकार व अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का काम किया जाएगा। 22 जून को बूथ प्रा0वि0 महरीपुर उत्तरी कक्षप्रा0वि0 महरीपुर दक्षिणी कक्ष कम्पोजिट उ0प्रा0वि0 ककराही दक्षिण कक्ष, प्रा0वि0 सम्हरिया प्रा0वि0 चक आसोपुर प्रा0वि0 हकीमपुर प्रा0वि0 आसोपुर पूर्वी कक्षप्रा0वि0 आसोपुर पश्चिम कक्ष प्रा0वि0 असोपुर उत्तरी क प्रा0वि0 अरखापुर उत्तरी कक्ष, प्रा0वि0 अरखापुर दक्षिणी कक्षप्रा0वि0 त्रिलोकपुर आदि में सम्पर्क होगा । टांडा नगर अध्यक्ष सैय्यद कसीम टांडा विधान सभा महासचिव ज़की , संदीप यादव, अमरजीत यादव, अशोक वर्मा, ज़प रहात अंसारी, अजय दूबे अंजू, विशाल प्रजापति, सोनू गौड़ आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# डबल इंजन की सरकार की योजनाओं ने बदल दी है गांवों की तस्वीर : चन्द्रभानु पासवान




**अयोध्या।** मोदी सरकार के 11 वर्ष तथा योगी सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने पर विधायक चन्द्रभानु पासवान के कुचेरा के अलीपुर खजुरी में जनचौपाल लगाई। चौपाल में विधायक ने सरकार की योजनाओं की ग्रामीणों से चर्चा किया। इससे पूर्व कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत मिशन और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं ने गांवों की तस्वीर बदल दी है। उन्होंने कहा कि सरकार गांव, गरीब, किसान, महिला और युवाओं के हित में लगातार कार्य कर रही है। शासन की मंशा है कि अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में हुए विकास को देश व प्रदेश के हर नागरिक ने महसूस किया है। अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए सरकार संकल्पित है। इसी को ध्यान में रख कर सरकार योजनाएं बनाती है।

मौके पर जिपंस अशोक मिश्रा, संदीप कुमार चौधरी, अशोक पाण्डे, अजय कुमार पाण्डेय, बीपी शुक्ला, ओमप्रकाश तिवारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

# नीट परीक्षा क्वालीफाई अनुराग का हुआ स्वागत

**अयोध्या।** तहसील क्षेत्र बीकापुर के ग्राम पंचायत तारडीह मजरा बनकठवा निवासी अनुराग पटेल ने नीट परीक्षा क्वालीफाई किया। जैसे ही चिकित्सा के क्षेत्र में पदार्पण करने के लिए अनुराग द्वारा पहली सीढ़ी चढ़ने की जानकारी मिली तो बधाई देने वालों का तांता लग गया। आपको बताते चलें कि अनुराग बचपन से ही बहुत होनहार छात्र था। इन्होंने जवाहर नवोदय विद्यालय द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा पास किया और वहीं छठवीं कक्षा में प्रवेश लेकर इण्टर तक की शिक्षा प्राप्त किया। यही से 2023 में हाईस्कूल और 2025 में इण्टर की पढ़ाई के साथ साथ नीट की तैयारी के लिए आनलाइन पढ़ाई का सहारा लिया। बोर्ड परीक्षा इण्टर की परीक्षा समाप्त होते ही इन्होंने बेहतर तैयारी के लिए कोटा के लिए पलायन किया। जहां दो माह की कुशल तैयारी करके नीट की परीक्षा दिया। जिसका नतीजा रहा कि इन्होंने 571 नंबर हासिल किया। जो आल इंडिया रैंक 5129 एवं ओबीसी में 2014 रैंक प्राप्त किया।

पंचायत विभाग में कार्यरत इनकी मां श्रीमती मालती वर्मा आजादी के बाद अपने गांव में सरकारी सेवा में जाने वाली महिला व पुरुष में पहली सदस्य



है। पिता ओमप्रकाश वर्मा खेती किसानी के साथ राइस मिल चलाते है। नीट क्वालीफाई करने की सूचना मिलने पर पूर्व प्रमुख रमाकांत यादव, प्रधान अनूप वर्मा,रालोद नेता रामसिंह पटेल,अपना दल नेता प्रमोद सिंह, जिला पंचायत सदस्य हरीशचंद्र निषाद, समाजसेवी शशि यादव,राजित राम प्रधान, प्रेम वर्मा, शिवपाल वर्मा समेत सैकड़ों लोगों ने अनुराग का स्वागत किया।

## हल्के से मध्यम बादल व हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना

**अयोध्या।** आ0न0दे0 कृषि एवं प्रौ0वि0वि0, कुमारगंज अयोध्या के मौसम वैज्ञानिक अमरनाथ मिश्र के अनुसार आगामी 24 घंटे में पूर्वी उत्तर प्रदेश में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने एवं हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है, साथ ही साथ हवा के सामान्य गति से पूर्वी चलने की संभावना है। श्री मिश्र के अनुसार शुक्रवार का अधिकतम तापमान 31.5 डिग्री जो सामान्य से 6.0 डिग्री कम रहा जबकि न्यूनतम तापमान 26.5 डिग्री सामान्य रहा। सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम 89 न्यूनतम 71 प्रतिशत रही। 6.4 कि0मी0 प्रति घंटा की रफ्तार से उत्तरी-पूर्वी दिशा से हवाएं चली, 5.2 मि0मी0 वर्षा रिकार्ड की गई।

## कलापुर में हुई बुजुर्ग के साथ घटी घटना अत्यंत दुखद : दयानंद शुक्ला

**शुजागंज अयोध्या।** थाना बाबा बाजार क्षेत्र के अंतर्गत कलापुर मजरे रेछ निवासी बुजुर्ग जगजीवन पाल पुत्र महाराजदीन कि उनके ही घर में हत्या हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज जांच में जुट गई है। उक्त घटना को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व राज्य मंत्री दिल्ली सरकार दयानंद शुक्ला ने दिल्ली से टेलिफोनिक वार्ता कर दुखद बताया है। उन्होंने कहा कि इस घटना से पूरे गांव में सनसनी का माहौल पैदा हो गया है, विधानसभा क्षेत्र में हो रही लगातार घटनाओं को लेकर भारतीय जनता पार्टी की सरकार को जंगल राज बताते हुए कहा कि यह सरकार पूरी तरह से विफल हो चुकी है। लोग अपने ही घरों में सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं। ऐसी घटनाओं प्रशासन तथा सरकार अंकुश लगाने में पूरी तरह से फेल हो चुकी है, श्री शुक्ला ने कहा कि इस घटना के पीछे जिस किसी भी व्यक्ति का हाथ हो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई करे। ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति पुन: न हो सके, और पुलिस प्रशासन इस घटना का जल्द खुलासा करे।

# कलेक्ट्रेट गेट के सामने हुआ योगाभ्यास कार्यक्रम



**अंबेडकरनगर।** योगाभ्यास कार्यक्रम में स्वच्छता समिति के ब्रांड एंबेसडर योग प्रशिक्षक डॉ हनुमान प्रताप सिंह द्वारा प्रोटोकॉल के मुताबिक विभिन्न प्रकार के योगासन कराए गए साथ ही साथ इन योगासनों का महत्व भी बताया गया..डा. हनुमान सिंह द्वारा बताया गया की योग हमारी प्राचीन संस्कृति का एक महत्वपूर्ण अंग है, तथा ऋषियों मुनियों द्वारा दी गई एक अनुपम भेट है। आज संपूर्ण विश्व योग की महिमा को मान रहा है, तथा योग को विश्व भर में योग दिवस के रूप में अलग पहचान मिली है. और स्वस्थ शरीर की स्वस्थ मस्तिष्क का सृजन करता है यह जीवन को सुंदर और सरल बना देता है इसलिए सबको योग अवश्य करना चाहिए। योगाभ्यास कार्यक्रम में मुख्य रूप से सभासद अशोक कुमार, सभासद प्रतिनिधि रमेश मौर्य, जिला कार्यक्रम प्रबंधक हृदयानंद यादव, अर्बन विशेषज्ञ रवि उपाध्याय , स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी जसवंत यादव, स्वच्छता प्रभारी इसराइल, व नगर पालिका परिषद के कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## भण्डारे का आयोजन 23 को

**टाण्डा अम्बेडकरनगर।** श्री नर्वदेश्वर महादेव मन्दिर कस्बा पूरब के स्थापना दिवस पर 23 जून विविध कार्यक्रम के साथ विशाल भण्डारे का आयोजन भक्त प्रेमी बंधुओं द्वारा किया गया है । कार्यक्रम के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए विजय मौर्य ने बताया कि उसी दिन रूद्राभिषेक सुबह 8 बजे से प्रसाद वितरण दोपहर 11 बजे और उसी दिन रात्रि में मंदिर परिसर में भजन संध्या और शाम 8 बजे सेविशाल भंडारे का आयोजन है । भक्त प्रेमी बंधुओ से कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है।

## नवागत एसडीओ ने किया कार्यभार ग्रहण

**टाण्डा अम्बेडकरनगर।** विद्युत वितरण उपखंड टांडा में तैनात रहे एस डी ओ आनन्द कुमार का स्थानांतरण हो गया है अब उनके स्थान पर वीरेंद्र कुमार शुक्ल ने अपना स्थान ग्रहण कर लिया है जो पहले उपखंड अधिकारी बसखारी के पद पर तैनात थे।

# बौद्धिक रीति से मनाई गई पूर्व बीएसएनल अधिकारी के पिता की 10 वीं पुण्यतिथि

**अयोध्या ।** बीएसएनएल विभाग में कार्यरत सेवानिवृत्त अधिकारी आर.जे.यादव के पिता स्मृतिशेष दुर्बल यादव जी की दसवीं पुण्यतिथि पैतृक आवास सुल्तानपुर जनपद के अखंडनगर ब्लॉक अंतर्गत चमरूपुर में बौद्धिक रीति रिवाज से मनाई गई। पुण्यतिथि कार्यक्रम में सर्वप्रथम बुद्ध वंदना, त्रिशरण पाठ तथा पंचशील भाष्य के माध्यम से उपस्थित जन समूह के समक्ष बौद्ध धर्म के मूल सिद्धांतों पर प्रकाश डाला गया। गौतम बुद्ध का अष्टांग मार्ग का दर्शन पूरी दुनिया की समस्याओं का हल करने के लिए सबसे सरल उपाय है। कार्यक्रम के प्रस्तोता महासचिव स्वाभिमान संस्थान आर.जे.यादव ने पूज्य पिताजी के जीवन दर्शन पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। उनके अनुसार स्मृतिशेष पिताजी पूरे जीवन में कबीर दास के सिद्धांतों पर चलने वाले व्यक्ति थे। उन्होंने कभी भी आडंबर तथा अंधविश्वास को अपने आस पास भी फटकने नहीं दिया था। अपनी स्पष्टवादिता के चलते गांव - जवार में वे अलग तरह के स्वभाव के व्यक्ति के रूप में जाने जाते थे। जीवन में मानवीय मूल्यों को वह सबसे अधिक महत्व देते थे। बच्चों की शिक्षा पर जोर देकर व्यक्ति के विकास के लिए शिक्षा को बहुत ही आवश्यक बताते थे। श्रद्धांजलि सभा के इस कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने भी पिताजी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा स्थापित अपनी जनता पार्टी के अंबेडकर नगर जिला अध्यक्ष विजय कुमार मौर्य ने लोगों से आडंबर से दूर रहने का आवाहन किया। ग्राम प्रधान अच्छे लाल राजभर ने सामाजिक कुरीतियों से होने वाले नुकसान पर प्रकाश डाला। बाबा बरुआ दास इंटर कॉलेज परबिया आश्रम पूर्व प्रधानाचार्य राम कृपाल यादव ने पिताजी को महान संत कबीर दास के प्रतिमूर्ति के रूप में वर्णित किया।

## पूर्व प्रमुख रमाकांत ने मेधावी छात्रा को उपलब्ध कराई साइकिल




**अयोध्या।** स्मृति शेष दुर्बल यादव की पुण्यतिथि में सौरभ कोचिंग क्लासेज़ सुरहुरपुर की मेधावी छात्रा साक्षी गुप्ता को समाजसेवी पूर्व ब्लाक प्रमुख रमाकांत यादव ने साइकिल उपलब्ध कराई। पूर्व प्रमुख मकान यादव अपने जनहित कार्यों के लिए जाने जाते हैं इस प्रकार के कार्यक्रम में इनकी बढ़ चढ़कर भागीदारी रहती है। इस प्रकार के सामाजिक कार्यों में इनका योगदान बराबर चलता रहता है। कोचिंग सेंटर में प्रबंधक राज यादव ने भी सभी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन स्वरूप पाठ्य सामग्री वितरित किया।

# अयोध्या में विकास की गंगा बहा रही भाजपा सरकार : महंत दिलीप दास

**अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल ने विकास को बताया रामराज्य की ओर बढ़ता कदम**

**अयोध्या धाम।** अयोध्या के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विकास पर संत समाज ने एक बार फिर संतोष जताया है। अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल से जुड़े वरिष्ठ संत महंत दिलीप दास ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि जब से उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है, अयोध्या निरंतर धर्म, संस्कृति और पर्यटन के क्षेत्र में एक नए युग की ओर अग्रसर है। महंत दिलीप दास ने कहा कि

आज अयोध्या की पहचान न केवल भारत में, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हो रही है। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी ने अयोध्या को उसका गौरव लौटाया है। वर्षों तक उपेक्षित रही रामनगरी आज विश्व मानचित्र पर सबसे प्रमुख धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में उभर रही है।



यहां जो विकास कार्य हो रहे हैं, वह ऐतिहासिक हैं। ऐसा विकास किसी भी सरकार में नहीं देखा गया था। उन्होंने कहा कि राम मंदिर निर्माण, चौड़ी सड़कें, रेलवे व एयरपोर्ट का आधुनिकीकरण, घाटों का सौंदर्यीकरण, धर्मशालाओं और यात्री सुविधाओं का विस्तार—ये सब सिर्फ सरकार की नहीं, बल्कि पूरे संत समाज की वर्षों की साधना का फल है, जिसे भाजपा सरकार ने साकार किया है। संत समाज भी महसूस कर रहा है परिवर्तन महंत दिलीप दास ने यह भी कहा कि अयोध्या का संत समाज पहली बार ऐसा अनुभव कर रहा है कि सरकार और धर्म एक ही दिशा में चल रहे हैं। चारों तरफ विकास की गंगा बह रही है। यह रामराज्य की अवधारणा का आधुनिक रूप है। पर्यटन और रोजगार को भी बढ़ावा उन्होंने बताया कि अयोध्या में हो रहे कार्यों से स्थानीय युवाओं को रोजगार मिला है, होटल, दुकानें, यातायात सेवाएं व धार्मिक आयोजनों से अर्थव्यवस्था को भी बल मिला है। अयोध्या अब रुकेगी नहीं महंत दिलीप दास ने स्पष्ट किया कि अयोध्या अब पीछे लौटने वाली नहीं है। यह विकास, धर्म और संस्कृति की त्रिवेणी में स्नान कर रही नगरी अब पूरे विश्व को शांति, श्रद्धा और आस्था का मार्ग दिखाएगी।

# प्रदर्शनी में देशी विदेशी झूले बने आकर्षण का केंद्र



**अयोध्या।** फनलैंड प्रदर्शनी का आगमन आपके शहर में हुआ, प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार के झूले बने आकर्षण का केंद्र।

नाका नीलकंठ लॉन के परिसर में प्रदर्शनी एवं मेला का शुभारंभ बीते दिनों हो चुका है प्रदर्शनी के संचालक कमलेश पांडे ने बताया कि पिछले 15 सालों से प्रदर्शनी का संचालन करते आ रहे हैं इस बार प्रदर्शनी नए अंदाज एयरप्लेन गेट व शिमला थीम के साथ नाका क्षेत्र में लगाई गई है। देसी विदेशी झूले सहित विभिन्न प्रकार के झूले लगाए गए हैं साथ ही घरेलू वस्तुएं व खाने पीने का रेस्टोरेंट भी उपलब्ध है। प्रदर्शनी में विशेष रूप से भूत बंगला बनाया गया है जो मुख्य आकर्षण केंद्र है। सेल्फी पॉइंट का भी कार्य चल रहा है प्रदर्शनी में आने वाले जल्दी ही सेल्फी पॉइंट का भी लुफ्त उठा सकेंगे। प्रदर्शनी का समय शाम 4 से रात 11 बजे तक है।

# बाल सम्प्रेक्षण गृह, अयोध्या में बच्चों के हितार्थ विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**न्यायिक अधिकारीगण द्वारा किया गया शेल्टर होम्स, अयोध्या का निरीक्षण**

**अयोध्या।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा प्रेषित प्लान ऑफ एक्शन 2025-26 के अनुपालन में श्रीमती रीता कौशिक, माननीय जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बेडकरनगर के निर्देशानुसार आज दिनांक 19.06.2025 को बाल सम्प्रेक्षण गृह, अयोध्या, में उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, बाल अधिकार एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के विषय पर श्री भारतेन्दु प्रकाश गुप्ता, अपर जिला जज / सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बेडकरनगर द्वारा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन एवं शेल्टर होम्स निरीक्षण समिति द्वारा बाल सम्प्रेक्षण गृह एवं नारी शरणालय अयोध्या का निरीक्षण किया गया। इस विधिक साक्षरता शिविर में श्री भारतेन्दु प्रकाश गुप्ता, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बेडकरनगर, श्री अभिषेक सिंह, सिविल जज, जू0डि0/ जे0एम0 टाण्डा, श्री प्रदीप कुमार, लिपिक, जि0वि0से0प्रा0, पी0एल0वी0 तथा बाल सम्प्रेक्षण गृह, अयोध्या से केयर टेकर एवं बाल अपचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

शिविर को सम्बोधित करते हुये श्री भारतेन्दु प्रकाश गुप्ता, अपर जिला जज / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बेडकरनगर, ने बताया कि कोविड-19 में जो बच्चे अपने माता-पिता को खो चुके हैं उनके जीवन को संवारने हेतु उ0प्र0 सरकार की तरफ से मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना का शुभारम्भ किया गया है। योजना में 0 से 18 वर्ष ऐसे बच्चे शामिल किये जायेंगे जिनके जिनके माता-पिता दानों की मृत्यु कोविड-19 से हो गयी है या माता-पिता में से एक की मृत्यु मार्च 2020 से पहले हो गयी थी और दूसरे की मृत्यु कोविड काल में हो गयी अथवा दोनों की मृत्यु 01 मार्च 2020 से पहले हो गयी थी और वैध




संरक्षक की मृत्यु कोविड काल में हो गयी इसके अलावा 0 से 18 वर्ष के ऐसे बच्चे जिनके माता-पिता में से किसी एक की मृत्यु कोविड काल में हो और वह परिवार का मुख्य कर्ता-धर्ता हो और वर्तमान में जीवित में माता-पिता सहित परिवार की आय 2,00,000/- रू0 से अधिक न हो। अपर जिला जज सचिव महोदय द्वारा बाल अधिकारों पर जानकारी देते हुये बताया गया कि बच्चों को जीवन का अधिकार, भोजन, पोषण, स्वास्थ्य, विकास, शिक्षा, पहचान, नाम, राष्ट्रीयता, परिवार, मनोरंजन, सुरक्षा का अधिकार है। भारत के कुछ बाल अधिकारों के अंतर्गत बच्चों को आगे बढ़ाने की पहली जिम्मेदारी मां बाप दोनों की है। राज्य इस काम में अभिभावक को सहारा देगा। राज्य और माता पिता बच्चों के विकास के लिये उचित प्रयास करें, बच्चे को उच्चतम स्वास्थ्य एवं चिकित्सीय सुविधायें पाने का अधिकार है। प्रत्येक राज्य हर बच्चे के प्रारम्भिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देगा और शिशुओं की मृत्यु दर कम करने पर विशेष तौर पर काम करेगा। प्रत्येक बच्चे को अच्छा जीवन स्तर पाने का अधिकार है। बच्चे का पर्याप्त मानसिक, शारीरिक, बौद्धिक, नैतिक और सामाजिक विकास आदि है बच्चों के विकास एवं हित के लिये सरकार द्वारा बहुत सी योजनायें भी चलायी जा रही हैं।

इसके अतिरिक्त अपर जिला जज / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बेडकरनगर द्वारा बताया गया कि यदि किसी को किसी भी प्रकार की विधिक सहायता या जानकारी चाहिए तो राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा संचालित टोल फ्रि हेल्पलाईन नम्बर-15100 पर कॉल कर तत्काल विधिक सहायता व जानकारी प्राप्त कर सकते है या राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा संचालित एल0एस0एम0एस0 पोर्टल के माध्यम से भी आप अपनी समस्याओं का निदान प्राप्त कर सकते है एवं नि:शुल्क अधिवक्ता की आवश्यकता होने पर कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रार्थना पत्र प्रेषित कर सकते हैं।

शेल्टर होम्स निरीक्षण समिति द्वारा बाल सम्प्रेक्षण गृह, अयोध्या की स्वच्छता, किशोर अपचारियों के खाने पीने एवं उनके स्वास्थय के सम्बन्ध में शिक्षा तथा मनोरंजन के साधनों पर जानकारी ली गई एवं हैं। बढ़ती हुई गर्मी से बच्चों को बचाव के लिये शुद्ध पेय जल की व्यवस्था करने एवं किसी प्रकार की अस्वस्थता होने पर अविलम्ब चिकित्सा सुविधा दिलवाये जाने हेतु निर्देशित करते हुये आवश्यक निर्देश दिये गये एवं अपर जिला जज / सचिव महोदय द्वारा किशोर अपचारियों से मुलाकात कर उनकी समस्या सुनी गई एवं पूछा गया कि क्या सभी अपचारियों के पास अधिवक्ता है अथवा नहीं एवं यदि किसी अपचारी के पास अधिवक्ता नहीं है तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रार्थना पत्र देकर नि:शुल्क अधिवक्ता प्राप्त कर अपनी पैरवी करवा सकते।

# तरुणमित्र

**शनिवार, 21 जून 2025**

संवत- 2081, आषाढ़ कृष्ण पक्ष.- 10


# रिश्ते सुधरेंगे

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब जी7 सम्मेलन के लिए रवाना हुए थे, तो दो मुद्दों पर खासकर सभी की नजर थी- कनाडा के साथ रिश्ते किस तरह आगे बढ़ते हैं और आतंकवाद पर भारत अपना पक्ष किस तरह रखता है। एक ही मंच का इस्तेमाल कर देश ने दोनों को साध लिया। यह आयोजन भारत और कनाडा के बीच रिश्तों पर जमी बर्फ को पिघलाने का जरिया तो बना ही, नई दिल्ली ने दुनिया को आतंकवाद के प्रति भी चेता दिया कि इस मामले में दोहरे मापदंड नहीं चलेंगे। भारत और कनाडा ने एक-दूसरे के यहां हाई कमिश्नर जल्द से जल्द बहाल करने का ऐलान किया है। यह उस गलती को सुधारने की दिशा में पहला कदम है, जो कनाडा के पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो ने की थी।*

*राजनयिक संबंध बहाल होने से दूसरे द्विपक्षीय मामलों को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी, जिनमें पिछले साल टकराव के बाद से ठहराव आ गया था। इसमें प्रमुख है व्यापार और निवेश समझौता CEPA। एक विस्तृत इकॉनमिक एग्रीमेंट को लेकर दोनों देशों ने 2010 में बातचीत शुरू की थी। करीब एक दशक तक सब ठीक चला, लेकिन पहले कोरोना की रुकावट आई और फिर कूटनीतिक रिश्ते खराब हो गए। भारत और कनाडा के बीच वित्तीय वर्ष 2024 में 8.37 बिलियन डॉलर का व्यापार हुआ था। हालांकि दोनों की इकॉनमी को देखते हुए क्षमता और संभावनाएं कहीं ज्यादा हैं। आर्थिक समझौते से व्यापार आसान होगा, निवेश बढ़ेगा और अनुमान है कि द्विपक्षीय कारोबार में 6 बिलियन डॉलर तक का इजाफा होगा। भारत और कनाडा के सामने शिक्षा, मैन्युफैक्चरिंग, ग्रीन एनर्जी, इंफ्रा, कृषि- तमाम क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के अपार मौके हैं। भारतीय छात्रों के लिए कनाडा Top foreign destination रहा है। बातचीत बढ़ने से student visa और वर्क परमिट आसान हो सकता है। पीएम मोदी और मार्क कार्नी की मुलाकात से जो रास्ता खुला है, उसका पूरा फायदा मिले, इसके लिए कनाडा को खालिस्तानी अलगाववादियों से जुड़ी भारत की चिंताओं पर ध्यान देना होगा। खालिस्तानी हरदीप सिंह निज्जर केस से जुड़े सवाल पर कार्नी का संतुलित जवाब बताता है कि उन्हें भी इसका ख्याल है। पीएम मोदी ने जी7 के outreach session में आतंकवाद का मुद्दा उठाया और उनका सवाल बिल्कुल ठीक है कि आतंकवाद के प्रायोजक देश और पीड़ितों को एक तराजू में क्यों तौला जा रहा है।*

*जब तक दुनिया के ताकतवर देश आतंकवाद को लेकर अपना नजरिया साफ नहीं करते और अपनी सहूलियत के अनुसार आतंक की परिभाषा तय करने की आदत नहीं छोड़ते, यह समस्या हल नहीं होने वाली।*

# प्लास्टिक वेस्ट की समस्या बहुत विकराल



*- उद्यमी भवानी शंकर ठड -*

आज हमारे देश में प्लास्टिक वेस्ट की समस्या एक बहुत ही विकराल रूप में है। जिसके कारण हमारे गावं एवं हमारे शहरो की नालियां एवं नाले जाम या चोक हो जाते है। पशुओं द्वारा खाने के सामान के साथ प्लास्टिक खाने से गोवंश की ढ़ेर सारी मौते हो रही है। नगर पालिका एवं नगर निगमों को कूड़े में ज्यादा मात्रा में प्लास्टिक होने के कारण कूड़ा निस्तारण में बड़ी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

इसी समस्या के समाधान के लिए एन.जी.टी. (नेशनल ग्रीन ट्रीबुलन) नें काफी गहन अध्ययन किया एवं इस समस्या के निस्तारण के लिए सन् 2016 में एक कानून बनाया। जिसे 2018 में दोबारा एवं 2020 में तीसरी बार संशोधन कर जारी किया। इस आदेश के अनुसार प्लास्टिक वेस्ट के निस्तारण की पूरी जिम्मेदारी नगर पालिका एवं नगर निगमों को दी गयी। अपने आदेश में एन.जी.टी. नें कहा कि नगर पालिकाएँ अपने नगर क्षेत्र में प्लास्टिक इक्ट्ठा करवाकर उन्हे अलग-अलग किस्मों के आधार पर छटवाकर रिसाइकिलिंग के कारखाने तक पहुंचाने की व्यवस्था करें। यदि आवश्यक हो तो प्लास्टिक वेस्ट उत्पादन करने वाले कारखानों पर शुल्क भी लगावें। परन्तु अफसोस है कि आज आठ वर्ष से इस कानून के लागू होने के बाद भी आज तक किसी नगर पालिका या नगर महापालिका नें अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाई। नजीता यह रहा कि प्लास्टिक वेस्ट की समस्या विकराल रूप धारण करती जा रही है। प्लास्टिक वेस्ट की विकराल समस्या के निस्तारण के लिए कई प्रदेशों नें कुछ किस्म के प्लास्टिक के उत्पादन व उपभोग पर प्रतिबन्ध भी लगाया।

परन्तु यह प्रतिबन्ध भी कारगर साबित नहीं हुआ। आज प्लास्टिक का उपयोग मानव जीवन में इतना रचबस गया है कि ऐसा लगने लगा है कि प्लास्टिक को हमारे जीवन से हटा पाना सम्भव ही नहीं है। इस समस्या के निदान हेतु प्लास्टिक वेस्ट का उपयोग दूसरी वस्तु के उत्पादन में करना होगा।

हमारे संगठन 'भारतीय जागरूक नागरिक संगठन' के सदस्यों नें इस समस्या के समाधान हेतु गहन चिन्तन मनन किया तब जाकर समाधान सामने आया कि इस प्लास्टिक वेस्ट का उपयोग दूसरे उपयोगी वस्तुओं को बनाने में कर दिया जाये। आज के वर्तमान समय में जितना प्लास्टिक वेस्ट निकलता है। उसका 25 प्रतिशत भाग ही रिसाइकिलिंग के रूप में उपयोग में आ पा रहा है। बाकि का प्लास्टिक वेस्ट कूड़े-कचरे में फेक दिया जाता है। कूड़े में फेके जाने से उसपर गंदगी लग जाती है। इससे उसे बीनकर एवं उठाकर लाना एवं रिसाइकिलिंग कर पाना सम्भव नहीं होता है। यही से हमारी समस्या शुरू होती है। यदि कूड़े कचरे में फेंके जाने वाला प्लास्टिक साफ सूथरी हालत में ही कूड़े कचरे में जाने से पहले इक्ट्ठा कर लिया जाये तो उसका पुन: उपयोग (रि-यूज) आसानी से किया जा सकेगा।

इस चिंतन से यह स्पष्ट हुआ कि असली समस्या प्लास्टिक वेस्ट को नागरिकों द्वारा उपयोग के बाद कूड़े कचरे में, नाली या सड़क पर फेंक दिये जाने की है। अत: अब हमें इस समस्या के निदान हेतु प्लास्टिक वेस्ट को कूड़े-कचरे में फेंकने से रोकना होगा एवं हर घर, दुकान, हॉस्पीटल, ठेला आदि से सीधे इक्ट्ठा करने की व्यवस्था करनी होगी। इस कार्य को अंजाम देने के लिए पूरी जिम्मेदारी नगर पालिका एवं नगर निगमों को लेनी होगी। क्योंकि यदि यह प्लास्टिक वेस्ट कूड़े से अलग हो जाता है तो नगर पालिका द्वारा निस्तारण किये जाने वाले कूड़े की मात्रा आधी रह जायेगी। अत: उन्हें कूड़ा निस्तारण में आसानी होगी।

इस कार्य को इस प्रकार किया जा सकता है- हर घर, ठेले, होटल, ऑफिस आदि जहां भी प्लास्टिक वेस्ट होता है। वहां झोला की व्यवस्था की जाये एवं सभी नागरिको को निर्देश दिया जाये कि कोई भी प्लास्टिक वेस्ट कूड़े में न फेंके, इसे झोले में इक्ट्ठा करें। इस वेस्ट को हर घर से संकलित करने हेतु नगर पालिकाओं द्वारा नामित व्यक्ति हर घर से मांगकर अपने बड़े बैग में इक्ट्ठा कर कबाड़ वाले व्यापारी को सौंप दें। वह खुशी-खुशी इस प्लास्टिक को ले लेगा एवं उसका उचित मूल्य उसे इक्ट्ठा करने वाले व्यक्ति को दे देगा। अभी भी वर्तमान में वह कबाड़ी वाला यह कार्य कर रहा है। उसे बहुत थोड़ी मात्रा में ही प्लास्टिक मिल पाता है। ज्यादा मात्रा में मिलेगा तब भी वह लेने को तैयार रहेगा। कबाड़ी वाला इसे अलग-अलग किस्म के रूप में छांटकर रिसाइकिलिंग वाले कारखानों में बिक्री कर देगा। इस प्रकार इस समस्या का समाधान होगा। प्रारम्भ में यह कार्य थोड़ा अजीब एवं उलझन वाला महसूस होगा, परन्तु धीरे-धीरे नागरिको में आदत डालते-डालते रास्ते पर आ जायेगा एवं नालियों एवं कूड़े में जाने से प्लास्टिक बच जायेगा।

प्लास्टिक वेस्ट में कुछ किस्म ऐसी होती है जिसका अभी कोई उपयोग कबाड़ी वालो की जानकारी में नहीं है। वह जानकारी उनको करा दी जायेगी। क्योंकि हमनें जो अध्ययन किया है, उस हिसाब से हमारे पास हर तरह के प्लास्टिक के निस्तारण की जानकारियां उपलब्ध है।

# 21 जून अद्भुत खगोलीय घटना सबसे बड़ा दिन और सबसे छोटी रात



21 जून को पृथ्वी का अत्यंत महत्वपूर्ण भौगोलिक दिन होता है जबकि सबसे बड़ा दिन और सबसे छोटी रात होती है 21 जून को जौनपुर और आसपास लगभग 14 घंटे का दिन और 10 घंटे की रात होती है जबकि 22 दिसंबर को इसका उल्टा होता है जब 14 घंटे की रात और 10 घंटे का दिन होता है जैसे जैसे उत्तर की ओर बढ़ेंगे वैसे वैसे दिन बड़ा और रात छोटी हो जाएगी चीन मंगोलिया यूरोप में 20 घंटे का दिन और 4 घंटे की रात होगी जबकि साइबेरिया ग्रीनलैंड और कनाडा में इस समय 22 घंटे और केवल 2 घंटों की रात होती है इसके आगे जाने पर लगातार तीन महीने सूर्य डूबता ही नहीं और केवल दिन रहता है जिसको देखने के लिए फिनलैंड ग्रीनलैंड और रूस के उत्तरी भागों में हर वर्ष लाखों पहुंचते हैं यहां तक कि उत्तरी ध्रुव पर सूर्य 6 महीने तक अस्त्र नहीं होता है। 22 जून से सूर्य दक्षिणायन होने लगता है और उत्तरी गोलार्ध में धीरे-धीरे ठंड का आगमन होता है जबकि दक्षिणी गोलार्ध में गर्मी का आगमन होता है।

22 दिसंबर को दुनिया में सबसे छोटा दिन और सबसे बड़ी रात होगी जौनपुर और आसपास लगभग 14 घंटे की रात और 10 घंटे का दिन होता है जबकि मध्य एशिया मध्य यूरोप और मध्य अमेरिका में लगभग 20 घंटे कि रात और 4 घंटे का दिन होता है जबकि उत्तरी ध्रुव वृत्त पर 2 घंटे का दिन और 22 घंटे की रात होती है इसी तरह उत्तरी ध्रुव पर कल अन्तिम बार 6 महीने वाली रात होगी फिर वहां 6 महीने का दिन होती है।

भारत और विश्व में ऐसी घटनाएं क्यों घटती है ऐसा इसलिए है कि सूर्य के चारों ओर पृथ्वी द्वारा 106000 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से परिक्रमा करने से और अपने अक्ष पर लट्टू की तरह घूमने से ऐसा होता है।

इसी तरह 21 जून को सबसे बड़ा दिन और सबसे छोटी रात होती है जब जौनपुर और आसपास तथा उत्तर भारत में 14 घंटे का दिन और केवल 10 घंटे की रात होती है मध्य एशिया मध्य यूरोप मध्य अमेरिका में 20 घंटे का दिन 4 घंटे की रात होती है उत्तरी ध्रुव वृत्त पर 22 घंटे का दिन 2 घंटे की रात होती है और उत्तरी ध्रुव पर इस दिन से आखरी बार दिन होकर 6 महीने की रात शुरू हो जाती हैं जहां त्रेता युग में महा भीमकाय कुंभकरण बारी बारी से उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव पर व6/6 महीने सोया करता था।

दक्षिणी गोलार्ध में इसके विपरीत स्थितियां होती हैं भारत न्यूजीलैंड आस्ट्रेलिया दक्षिण अमेरिका दक्षिण अफ्रीका में 22 दिसंबर को सबसे बड़ा दिन और सबसे छोटी रात तथा गर्मी का मौसम रहता है इस समय आस्ट्रेलिया और दक्षिण अमेरिका तथा अफ्रीका में बिल्कुल उल्टा अर्थात गर्मी का मौसम चल रहा है जिनके घर के बच्चे ऑस्ट्रेलिया में पढ़ रहे हैं वह इस तथ्य को अच्छी तरह जान रहे हैं इसीलिए अंटार्कटिका के अभियान दिसंबर महीने में किए जाते हैं क्योंकि तब वहां पर गर्मी का मौसम रहता है।

जबकि 21 मार्च और 23 सितंबर को दुनिया भर में दिन रात लगभग बराबर 12-12 घंटे के होते हैं और मौसम समशीतोष्ण अर्थात ना अधिक गर्म ना अधिक ठंडा रहता है इसीलिए शारदीय और बसंतिक नवरात्रि का आयोजन किया गया है क्योंकि तब मौसम बसंत ऋतु जैसा रहता है और मौसम परिवर्तन के कारण गर्मी और जाड़ा एक समान बहुत सुंदर मौसम वाला होता है तब पृथ्वी सूर्य से ऐसे अक्ष पर होती है कि दिन और रात दोनों बराबर होते हैं।

पृथ्वी के परिक्रमण अर्थात सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाने के कारण और परिभ्रमण अर्थात अपनी धुरी पर घूमने के कारण के कारण ही यह सब अद्भुत विचित्र विलक्षण घटनाएं होती हैं इसीलिए 22 दिसंबर के 1 महीने पहले से जाड़ा शुरू होकर दो महीने बाद तक पूरे 3 महीने घनघोरजाड़ा रहता है और यही हाल 21 जून को भी होता है जब अप्रैल से जुलाई तक 3महीने गर्मी प्रचंड रहती हैं यह पृथ्वी पर घटने वाली सबसे विचित्र घटनाओं में से एक है

एक बात पर ध्यान देना आवश्यक है कि पृथ्वी के मध्य भाग अर्थात विषुवत वृत्त पर हमेशा गर्मी रहती है और 12 घंटे का दिन और 12 घंटे की रात होती है अर्थात वहां पर 21 जून और 22 दिसंबर जैसा कुछ भी नहीं घटित होता है इस तरह उत्तर और दक्षिणी ध्रुव प्रदेशों पर हमेशा ठंड का मौसम रहता है और बर्फ जमी रहती है और 6 महीने का दिन तथा 6 महीने की रात होती है यह पृथ्वी इतनी अद्भुत है कि अभी इसके रहस्य का पता लगाने में मानव जाति को लाखों वर्ष लग जाएंगे फिर अनंत अंतरिक्ष के रहस्य का पता लगाना तो केवल ईश्वर के बस की बात है।

**डॉ दिलीप कुमार सिंह ज्योतिष शिरोमणि मौसम विज्ञानी एवं निदेशक अलका शिप्रा वैष्णवी ज्योतिष मौसम और विज्ञान अनुसंधान केंद्र ?**

# ...आज का दिन...

**मेष**- आज रात्रि 9/45 बजे तक परिस्थितियां भाग्य के विपरीत, कार्यों के प्रति उदासीनता, खर्च से परेशान, शेष समय अनुकूल, मन प्रसन्न, भौतिक सुख के साधन सुलभ।

**वृषभ**- आज रात्रि 9/45 बजे तक समय आशाजनक, इच्छित पद की प्राप्ति, विवाद का समापन पक्ष में, शेष समय व्यवधानकारक, प्रतिष्ठा में कमी, धर्म के प्रति अरुचि।

**मिथुन**- अभीष्ट सिद्धि का प्रयास सार्थक, रचनात्मक क्रियाकलापों में रुचि, समस्या का निवारण, नवसमाचार मिलने से खुशी, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, आकस्मिक लाभ।

**कर्क**- दिन शुभ, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर प्राप्त, विशिष्टजनों से सम्पर्क, कुछेक मसला हल, प्रियजनों मित्रों से विचार-विमर्श, यात्रा का लाभ।

**सिंह**- आज रात्रि 9/45 बजे तक इच्छित कार्यों में व्यवधान, आलस्य की अधिकता, एकाग्रता भंग, शेष समय में समस्याओं का समाधान, धनागम का सुअवसर।

**कन्या**- आज रात्रि 9/45 बजे तक उन्नति का सुयोग, योजना फलीभूत, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, शेष समय में लाभ का मार्ग अवरुद्ध, व्यय की अधिकता, मनमुटाव।

**तुला**- दिनचर्या व्यवस्थित, दूसरों की सलाह से कामयाबी, व्यापार में धन निवेश, सुख शांति का वातावरण, आपसी गलतफहमियां दूर होने को, पारिवारिक सौहार्द।

**वृश्चिक**- व्यावसायिक सफलता, समझदारी से लिया गया निर्णय हितकर, विशेष प्रयास सार्थक, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क, आकस्मिक लाभ, विचारित योजना पूर्ण।

**धनु**- आज रात्रि 9/45 बजे तक प्रतिकूलता, पुरुषार्थ के प्रति रुचि, अध्ययन में व्यतिक्रम, वाहन से भय, दुर्घटना संभव, शेष समय में सद्विचारों का उदय, धर्म में रुचि।

**मकर**- आज रात्रि 9/45 बजे तक व्यवसाय में सफलता, पठन-पाठन में रुचि, मानसिक शांति, विवाद का समापन, शेष समय में कार्य के प्रति उदासीनता, इच्छापूर्ति में बाधा।

**कुम्भ**- समय भाग्य के पक्ष में, आत्मशक्ति का विकास, कुछेक मसला सुलझने की ओर, आध्यात्मिक क्रियाकलापों की ओर अभिरुचि, पारिवारिक दायित्व की पूर्ति।

**मीन**- ग्रहस्थिति अनुकूल, धनसम्पत्ति विषयक मसला हल, मित्रों की गतिविधियों से मानसिक राहत, व्यवसाय के विस्तार, महत्वपूर्ण कार्यों से अपेक्षित सहयोग।

**-: श्री विमल जैन :-**

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद् एस-2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, आकांक्षा हास्पिटल के निकट, टैगोर टाउन एक्सटेंशन

भोजूबीर, वाराणसी-221002 (उ0प्र0)- मो0:-09335414722

## चंदौली

# माइक्रोफाइनेंस एजेंट से दिनदहाड़े 1.40 लाख रुपये की लूट

## तीन बाइक सवार बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम

**तरूणमित्र न्यूज**

**कंदवा, चंदौली।** कंदवा क्षेत्र में बुधवार शाम को उस समय हड़कंप मच गया जब माइक्रोफाइनेंस एजेंसी कैशपार के एक एजेंट से दिनदहाड़े लूट की वारदात को अंजाम दिया गया। तीन अज्ञात बाइक सवारों ने एजेंट प्रतीक सिंह से 1.40 लाख रुपये नकद, लैपटॉप और अन्य जरूरी सामान लूट लिया।

इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया है। जानकारी के मुताबिक, प्रतीक सिंह वसूली कर लौट रहे थे तभी बरहनी के पास बदमाशों ने उन्हें रास्ते में रोक लिया, मारपीट की और लूटपाट कर फरार हो गए। घायल हालत में प्रतीक किसी तरह पुलिस तक पहुंचे और पूरी घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक



(आईपीएस) अनंत चंद्रशेखर ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और तुरंत सर्विलांस व स्वाट टीम को सक्रिय करने के निर्देश दिए?। साथ ही आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। इस घटना ने पुलिस गश्त व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

लूट की वारदात के बाद व्यवसायियों और एजेंसी कर्मचारियों में डर का माहौल व्याप्त है। पुलिस अधिकारियों ने जल्द ही अपराधियों की गिरफ्तारी का भरोसा दिलाया है। स्थानीय पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी को किसी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी हो, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। जिससे अपराधियों को पकड़ने में मदद मिल सके और क्षेत्र में कानून व्यवस्था बहाल हो सके।

# आयुष्मान आरोग्य केंद्र से 3 लाख की बड़ी चोरी

**तरूणमित्र न्यूज**

**डीडीयू नगर, चंदौली।** मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के कटेसर गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने आयुष्मान भारत आरोग्य केंद्र को निशाना बनाते हुए करीब तीन लाख रुपये का सामान पार कर दिया। चोर फ्रिज, कूलर, प्रिंटर, इनवर्टर, बैट्री और दवाएं तक समेट ले गए। लगातार तीसरी बड़ी चोरी से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है, वहीं पुलिस की निष्क्रियता पर स्थानीय जनता का गुस्सा फूट पड़ा है। पिछले एक महीने में यह तीसरी बड़ी वारदात है।

इससे पहले कटेसर पंचायत भवन से करीब डेढ़ लाख रुपये के उपकरण गायब हो चुके हैं, जबकि बीते माह सीआरपीएफ जवान के घर से लगभग 10 लाख के जेवरात चोरी हुए थे। घटना की सूचना स्थानीय ग्राम प्रधान ने तत्काल पुलिस को दी, लेकिन जलीलपुर चौकी पुलिस न तो पूर्व की चोरियों का खुलासा कर पाई है और न ही सुरक्षा व्यवस्था में सुधार नजर आ रहा है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि चौकी में तैनात अंडर ट्रेनिंग पुलिसकर्मियों के भरोसे कानून व्यवस्था छोड़ी गई है, जिससे अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से स्थानीय लोग खौफ में हैं। व्यापारियों, कर्मियों व ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से गश्त बढ़ाने व चौकी पर अनुभवी अफसरों की तैनाती की मांग की है।

# "राज्य सरकार द्वारा संचालित पूर्वदशम छात्रवृत्ति तथा दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति हेतु छात्र / छात्रा करें आवेदन"

**तरूणमित्र न्यूज**

**चंदौली।** जिला अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी राजेश कुमार खरवार ने बताया कि वित्तीय वर्ष-2025-26 में राज्य सरकार द्वारा संचालित% पूर्वदशम छात्रवृत्ति तथा दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत विशेष सचिव के दशमोत्तर शासनदेश के पत्र संख्या-115/2025/1370/26-3-2025-1741061 दिनांक-10.06.2025 द्वारा पूर्वदशम शासनादेश के पत्र संख्या-120/2025/1371/26-3-2025-1936097 दिनांक 18.06.2025 उक्त योजनान्तर्गत प्रकियात्मक कार्यवाही की समय-सारणी निर्गत की जा चुकी है। समय-सारणी के अनुसार शिक्षण संस्थानों द्वारा मास्टर डाटा में सम्मिलित होने के लिए 05 जुलाई, 2025 से 25 नवम्बर, 2025, 01 जुलाई से 05 अक्टूबर, 2025 तक समय सीमा निर्धारित की गयी है। एतद्क्रम में जनपद में संचालित समस्त प्रकार के शिक्षण संस्थाओं एवं मदरसा संचालक प्रबन्धक / प्रधानाचार्य का सूचित किया जाता है कि उपरोक्तानुसार निर्धारित समय-सीमा के अन्तर्गत अपने स्तर से आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। साथ ही पूर्वदशम कक्षाओं में अध्ययनरत् छात्र/छात्राओं को आनलाईन आवेदन करने हेतु दिनांक 02 जुलाई, 2025 से 30 अक्टूबर, 2025 तक एवं दशमोत्तर कक्षाओं में अध्ययनरत् छात्र/छात्राओं आनलाईन आवेदन करने हेतु दिनांक 10 जुलाई, 2025 से 20 दिसम्बर, 2025 तक समय-सीमा निर्धारण की गयी है। अत: उपरोक्तानुसार सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि निर्धारित समय-सीमा के अन्तर्गत आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें, उक्त योजनान्तर्गत किसी भी समस्या के समाधान हेतु किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

# चकिया के लतीफशाह कुंड में फिर मिला युवक का शव- क्या अब भी नहीं जागेगा प्रशासन?

**तरूणमित्र न्यूज**

**चकिया, चंदौली।** चकिया नगर से सटे लतीफशाह बांध के नीचे स्थित कुंड में गुरुवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब स्थानीय लोगों ने पानी में एक युवक का शव उतराया हुआ देखा। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी अतुल प्रजापति ने तत्परता दिखाते हुए पुलिस टीम को मौके पर भेजा। ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला गया और उसकी पहचान के प्रयास शुरू किए गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार, शव की स्थिति देखकर आशंका जताई गई कि युवक की मौत कई घंटे पहले डूबने से हुई है। हालांकि उसकी पहचान अब तक नहीं हो सकी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और गुमशुदगी की रिपोर्टों से मिलान की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। लतीफशाह कुंड में हादसे की यह पहली घटना नहीं है। बीते वर्षों में कई लोग नहाने या घूमने के दौरान यहां डूब चुके हैं। कुंड की गहराई, तेज बहाव और फिसलन भरी चट्टानों के चलते यह स्थान हर वर्ष एक नई त्रासदी का गवाह बनता है। इसके बावजूद प्रशासन की ओर से न तो कोई चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं और न ही सुरक्षा के अन्य पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।



पिछले वर्ष बरसात के दौरान चकिया कोतवाली प्रभारी अतुल प्रजापति ने कुंड की सुरक्षा को लेकर सराहनीय प्रयास किए थे, जिसमें निगरानी, चेतावनी बोर्ड और नियमित गश्त शामिल थीं। किंतु अब जबकि मानसून दस्तक देने वाला है, इस स्थान पर फिर से सुरक्षा इंतजामों की कमी दिख रही है। स्थानीय नागरिकों में आक्रोश है। उनका कहना है कि "हर साल मौत के बाद पुलिस आती है, लेकिन कुछ दिन बाद सब भूल जाते हैं।" अब जरूरत है स्थायी समाधान की, ताकि लतीफशाह कुंड सिर्फ एक पर्यटन स्थल बना रहे- मौत का कुंड नहीं।

# पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सुड्डू सिंह से जबलपुर में लूट

## उज्जैन महाकालेश्वर का दर्शन करने जा रहे थे

**तरूणमित्र न्यूज**

**चकिया, चंदौली।** नौगढ़ के पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सुजीत सिंह उर्फ सुड्डू से मध्य प्रदेश के जबलपुर में लूट हुई है। चाकू और तलवार से लैस लुटेरों ने सुड्डू सिंह, उनके पुत्र, चालक और साथी पर हमला कर दिया। बदमाश उनकी सोने की चेन लूट ले गए। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि की तहरीर पर जबलपुर के बितौला थाना में मुकदमा दर्ज किया गया है।

सुड्डू सिंह अपनी फार्च्यूनर गाड़ी से पत्नी व नौगढ़ की पूर्व ब्लाक प्रमुख नीतू सिंह, पुत्र श्रेय सिंह, साथी गुलजार खान और चालक टीपू सुल्तान के साथ दर्शन-पूजन करने गए थे। मैहर धाम में दर्शन-पूजन करने के बाद 18 जून की रात 10.30 बजे उज्जैन महाकालेश्वर का दर्शन करने के लिए निकले थे। जबलपुर हाईवे पर एक



यात्री प्रतीक्षालय के पास उन्होंने गाड़ी रुकवाई। वे और चालक टीपू सुल्तान नीचे उतरे थे। उसी दौरान चाकू और तलवार से लैस पांच लड़कों ने लूटपाट की नीयत से धावा बोल दिया और छीनाझपटी करने लगे। इस दौरान उनके गले में पड़ी सोने की चेन लूट ली।

चालक बचाने पहुंचा तो उसके ऊपर तलवार से हमला कर दिया। इससे उसे हाथ में चोट लगी। हो-हल्ला सुनकर गाड़ी में बैठी नीतू सिंह, श्रेय भी पहुंच गए। दोनों ने बीचबचाव करने का प्रयास किया तो हमलावरों ने उनके ऊपर भी हमला कर दिया। नीतू सिंह पीछे हट गईं। हालांकि श्रेय और गुलजार को चाकू के वार से चोटें आईं। पुलिस शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर छानबीन और हमलावरों की गिरफ्तारी में जुट गई।

# योग सप्ताह के अंतर्गत चंदौली के डीडीयू नगर में भव्य योग मैराथन का आयोजन

**तरूणमित्र न्यूज**

**चंदौली।** योग सप्ताह के उपलक्ष्य में जनपद चंदौली के डीडीयू नगर स्थित सुभाष पार्क में योग मैराथन का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के मा. राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र "दयालु" एवं मुगलसराय के विधायक रमेश जायसवाल ने सहभागिता की।

कार्यक्रम का उद्देश्य योग के प्रति जन-जागरूकता को बढ़ावा देना, नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति सजग बनाना एवं योग को जीवनशैली का अभिन्न अंग बनाना था। अपने संबोधन में डॉ. दयाशंकर मिश्र "दयालु" ने कहा "योग केवल व्यायाम नहीं, यह संपूर्ण जीवन पद्धति है। यह तन, मन और आत्मा को संतुलित करता है। योग को अपनाकर हम न केवल बीमारियों से बच सकते हैं, बल्कि




एक सशक्त और समर्पित समाज का निर्माण भी कर सकते हैं।" उन्होंने योग मैराथन जैसे आयोजनों को समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि सरकार योग को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से जनमानस में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है और सामाजिक समरसता को बल मिलता है।

इस कार्यक्रम में योगाचार्यों के नेतृत्व में विभिन्न आसनों, प्राणायाम व ध्यान का अभ्यास कराया गया। इस कार्यक्रम में योगाचार्य राजेश योगी, दीपक बजाज, राणा प्रताप सिंह एवं गौरव राठी सहित नगर के वरिष्ठ नागरिकों, युवा वर्ग ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# चेयरमैन ने फीता काटकर किया नाइट क्रिकेट मैच का उद्घाटन

**तरूणमित्र न्यूज**

**चकिया, चंदौली।** प्रीमियर लीग के तत्वाधान में सात दिवसीय नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ आयोजन चकिया चंदौली नगर पंचायत चकिया वार्ड नंबर 5 कालिका धाम कॉलोनी में सात दिवसीय क्रिकेट नाइट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसमें पहले दिन चकिया चेयरमैन गौरव श्रीवास्तव ने फीता काटकर क्रिकेट मैच का शुभारंभ किया एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। पहला क्रिकेट मैच दस ओवर का रॉयल चैलेंजर्स सोनकर बस्ती व मां झंडा स्पोर्टिंग क्लब के बीच हुआ जिसमें रॉयल चैलेंजर सोनकर बस्ती



122 रन बनाकर 59 रन से जीत दर्ज की संचालन शुभम मोदनवाल ने किया।

मुख्य अतिथि गौरव श्रीवास्तव ने बताया तन, मन से स्वस्थ व्यक्ति देश और राष्ट्र के विकास में अपनी भूमिका अदा कर सकता है कहा कि देश और प्रदेश की भाजपा सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है आयोजक टीम को बधाई देते हुए कहा खिलाड़ी आगे बढ़े देश और प्रदेश का नाम रोशन करें।

इस दौरान आयोजक समिति के शुभम मोदनवाल, दीपक चौहान, अभिषेक यादव, विपुल यादव,अनिल चौहान, विशिष्ट अतिथि टोनी खरवार, सदर मुश्ताक अहमद,खान,डॉ सुरेश चौहान, शैलेश कुमार, सभासद सुरेश सोनकर, शिवरतन गुप्ता, विभूति नारायण, मौजूद रहे।

# सड़क के बीच लगी 135 एलईडी अभी तक नहीं जली

**बिजली ट्रांसफॉर्मर को लेकर विभागों में खींचतान**



**अयोध्या।** नाका चौराहा से रायबरेली रोड ओवर ब्रिज तक पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क निर्माण के दौरान सड़क के बीचों-बीच लगभग 135 बिजली के पोल लगाए गए हैं। इनमें एलईडी लाइटें भी लगाई जा चुकी हैं, लेकिन चार महीने बीत जाने के बावजूद अब तक इन पोलों को विद्युत आपूर्ति नहीं मिल पाई है।पूर्व अवर अभियंता हरीश कुमार श्रीवास्तव ने इस संबंध में पत्र के माध्यम से प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए बताया कि बिजली विभाग द्वारा इस कार्य हेतु अलग ट्रांसफॉर्मर की मांग की गई है और इसके लिए पीडब्ल्यूडी विभाग को प्रस्ताव भी भेजा जा चुका है। हालांकि, पीडब्ल्यूडी का कहना है कि सभी कनेक्शन पब्लिक ट्रांसफॉर्मर से ही लिए जाएं, लेकिन बिजली विभाग इस पर सहमत नहीं है। स्पष्ट है कि दोनों विभाग एक-दूसरे पर ज़िम्मेदारी टाल रहे हैं, जिससे परियोजना अधूरी पड़ी है और आम जनता को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। अंधेरे में डूबी यह सड़क रात के समय दुर्घटनाओं का कारण बन सकती है।

श्री श्रीवास्तव ने जिलाधिकारी से अपील की है कि अयोध्या नगर निगम के उच्च अधिकारियों को इस समस्या के समाधान हेतु निर्देशित करें, ताकि इस महत्वपूर्ण मार्ग पर रोशनी व्यवस्था जल्द से जल्द बहाल हो सके।

## भाकपा का राज्य सम्मेलन मथुरा में

**अयोध्या।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का तीन दिवसीय राज्य सम्मेलन 21,22 व 23 जून को मथुरा में आयोजित हो रहा है जिसमें अयोध्या जिले से तीन प्रतिनिधि भागीदारी करेंगे। उक्त कार्यक्रम की जानकारी देते हुए भाकपा जिला सचिव अशोक कुमार तिवारी ने बताया कि सम्मेलन का उद्घाटन पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कामरेड डी राजा करेंगे। तीन दिन तक चलने वाले सम्मेलन में देश और प्रदेश की मौजूदा राजनैतिक परिस्थितियों तथा पार्टी व जनसंगठनों को मजबूत बनाने पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। जनसंघर्षों की विरासत को आगे बढ़ाने, मेहनतकश जनता की एकता को मजबूत करने और शोषणमुक्त समाज के लक्ष्य को प्राप्त करने के इस निर्णायक दौर में, भाकपा उत्तर प्रदेश राज्य सम्मेलन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।मथुरा की ऐतिहासिक धरती से उठने वाली लाल आवाज़ मेहनतकशों, किसानों, नौजवानों और महिलाओं के अधिकारों की नई लड़ाइयों को दिशा देगी, इसी विश्वास के साथ भाकपा का यह राज्य सम्मेलन आयोजित हो रहा है। भाकपा जिला सचिव अशोक कुमार तिवारी, सहायक जिला सचिव शैलेन्द्र प्रताप सिंह एवं वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश यादव सम्मेलन में प्रतिनिधि के रूप में शामिल होने के लिए मथुरा जा चुके हैं।

# वैदिक मंन्त्रोच्चार के साथ गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वें का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण



**सिद्धार्थ श्रीवास्तव**

**आलापुर (अम्बेडकरनगर)।** सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आजमगढ़ के सलारपुर फूलपुर एवं गोरखपुर से गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का लोकार्पण समारोह पूर्वक मंत्रोचार पूर्वक नारियल तोड़ कर किया और जरिए कार पूरे एक्सप्रेसवे पर सफर भी किया।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकास के लिए गति चाहिए, प्रगति के लिए गति चाहिए, समृद्धि के लिए प्रगति चाहिए पूर्वांचल का वह सपना साकार हो रहा है। जब गति होगी तो प्रगति होगी, प्रगति होगी तो समृद्धि होगी और समृद्धि होगी तो हर चेहरे पर खुशहाली भी होगी। 91.352 चरूके गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे को 7,283.28 करोड़ की लागत से तैयार हुए इस एक्सप्रेस वें से गोरखपुर से लखनऊ 283 किमी का सफर सिर्फ 3 घंण्टे में पूरा किया जा सकेगा। पूर्वाह्न 10.00 बजे सलारपुर जैतपुर NH-27 से मुख्यमंत्री गोरखपुर तक की यात्रा किया लखनऊ से पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के जरिए वाया कार गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे से होकर गोरखपुर पहुंचे।अम्बेडकर नगर जनपद के तेंदुआईकला में जहांगीरगंज राजेसुल्तानपुर मुख्य मार्ग पर बने कट के पास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकरियों एवं नेताओं का अभिवादन अपने वाहन से ही हाथ हिलाकर किया यहां पर हजारों लोग मुख्यमंत्री को रोककर मिलना चाहते थे लेकिन मुख्यमंत्री का काफिला रुका नहीं क्योंकि मुख्यमंत्री के रुकने का कोई प्रोग्राम तेंदुआईकला में निश्चित नहीं था। इस मौके पर जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला, पुलिस अधीक्षक केशव कुमार मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्यामदेव, उपजिलाधिकारी आलापुर सुभाष सिंह धामी, क्षेत्राधिकारी राम बहादुर सिंह, थानाध्यक्ष जहांगीरगंज अजय प्रताप यादव, राजेसुल्तानपुर विजय प्रताप तिवारी, खंण्ड विकास अधिकारी सतीश कुमार सिंह,सहायक विकास अधिकारी पंचायत योगेंद्र नाथ सिंह शिक्षक नेता ब्रजसिंह, लेखपाल संघ अध्यक्ष विपिन त्रिपाठी, राजस्व निरीक्षक राम कुमार श्रीवास्तव श्रीपाल पांण्डेय समेत अन्य स्थानीय अधिकारी भी मौजूद रहे। साथ ही भाजपा जिलाध्यक्ष त्र्यंबक तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष यमुना प्रसाद चतुर्वेदी, पूर्व विधायक त्रिवेणी राम, अनीता कमल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुमन पांण्डेय, जिला महामंत्री सुरेश कनौजिया, पूर्व जिला उपाध्यक्ष दिनेश पांडे, राजेसुल्तानपुर मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह उर्फकन्हैया सिंह, प्रमोद पांण्डेय की अगुवाई में सैकड़ो कार्यकर्ता रहे मौजूद।

# संविधान बचाने के लिए भाजपा को सत्ता से हटाना ज़रूरी : पारसनाथ यादव



**अयोध्या।** गोसाईगंज विधानसभा के तारुन विकासखंड में शुक्रवार को समाजवादी पार्टी द्वारा पीडीए पंचायत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करने पहुंचे अंबेडकर नगर सांसद लालजी वर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज पूरे प्रदेश की जनता अखिलेश यादव की तरफ उम्मीद भरी निगाहों से देख रही है। 2027 में संविधान विरोधी, दलित, पिछड़ा व अल्पसंख्यक विरोधी तानाशाही सरकार का अंत होगा और अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश के पुनः मुख्यमंत्री बनेंगे। प्रदेश व केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण समाज का हर वर्ग परेशान है। गोसाईगंज विधानसभा की महान जनता ने धनबल और बाहुबल को हराकर जनबल को सम्मान दिया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि प्रदेश व देश में महंगाई, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार चरम पर है। छुट्टा मवेशियों की वजह से किसान दिन प्रतिदिन बदहाल स्थिति में पहुंचता जा रहा है। लेकिन सरकार के कान में जूं तक नहीं रेंग रही है 2027 के चुनाव में जनता जरूर जवाब देगी। समाजवादी पार्टी सर्व समाज के लिए काम करती है। मौजूदा भारतीय जनता पार्टी की सरकार बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के संविधान द्वारा मिले अधिकारों को खत्म करना चाहती है समाजवादी पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता पीडीए जन पंचायत के माध्यम से गांव गांव पहुंचकर लोगों को जागृत कर रहा है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि संविधान बचाने के लिए भारतीय जनता पार्टी को सत्ता से उखाड़ फेंकना जरूरी है। सपा प्रवक्ता लवलेश पांडे ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता सियाराम व संचालन सियाराम यादव ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी के नेता कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## जन शिकायतों का गंभीरता से करे निस्तारण : डीएम

**कलेक्ट्रेट जनता दर्शन में फरियादियों ने जिलाधिकारी को सुनाई जन समस्याएं**

**अयोध्या।** जन शिकायतो का त्वरित निस्तारण के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे द्वारा प्रत्येक दिन जनता दर्शन में पहुंचे एक-एक फरियादियों की समस्याओ से रूबरू होते हुए उनके निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों दिया गया। प्रातः काल कार्यालय पहुंचते ही जिलाधिकारी ने प्रत्येक फरियादियों की समस्याओ को सुना तथा उनके समाधान के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि प्राप्त प्रार्थना पत्रो को गम्भीरता से लेते हुए जांच कर उचित कार्यवाही करते हुए निस्तारण सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि जन शिकायतो का निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में है तथा अधिकारी ससमय व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें।

# टाण्डा कोतवाल ने त्यौहारों के मद्देनजर किया गश्त



**अंबेडकरनगर ।** आगामी मोहर्रम जुलूस और पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए टांडा पुलिस ने कमर कस ली है। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी के निर्देशन सीओ टांडा शुभम कुमार कुमार ने कोतवाल टांडा दीपक सिंह रघुवंशी ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। कोतवाली टांडा की पुलिस टीम के साथ कोतवाल दीपक सिंह रघुवंशी ने हयातनगर चौराहा, चौक टांडा कस्बा, व अन्य भीड़भाड़ वाले इलाकों में पैदल गश्त की। स्थानीय लोगों से संवाद कर उन्होंने विश्वास दिलाया कि कोतवाली टांडा पुलिस 24 घंटे उनकी सेवा में तत्पर है।

कोतवाल रघुवंशी ने लोगों से अपील की कि सभी त्योहारों को शांतिपूर्वक एवं भाईचारे के साथ मनाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर कोई अराजक तत्व माहौल बिगाड़ने की कोशिश करता है या सड़कों पर अनावश्यक रूप से घूमता पाया गया, तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी

गश्त के दौरान कोतवाल टांडा दीपक सिंह रघुवंशी ने संदिग्ध युवकों से पूछताछ की और हयातनगर चौराहे पर रोड किनारे खड़े युवकों को फटकार लगाते हुए चेताया कि सार्वजनिक स्थानों पर अनावश्यक जमावड़े पर सख्ती बरती जाएगी। साथ ही उन्होंने जनता से अपील की कि यदि किसी को कोई भी समस्या हो, तो तत्काल पुलिस से संपर्क करें, चाहे वह हल्का सिपाही हो या दरोगा

इस मौके पर वरिष्ठ उपनिरीक्षक संजय सिंह, चौकी प्रभारी दिनेश राय, चौकी प्रभारी दिनेश मौर्या उपनिरीक्षक, महिला रीना यादव कांस्टेबल आशीष शुक्ला, अवध यादव, हेड कांस्टेबल, महिला सिपाही सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## जेटीसी प्रशिक्षण में आये आरक्षियों को किया ब्रीफ



**सिकंदरपुर अंबडकरनगर।** पुलिस अधीक्षक अंबेडकरनगर केशव कुमार द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स अम्बेडकरनगर में जेटीसी प्रशिक्षण में आये रिक्रूट आरक्षियों को ब्रीफ किया गया तथा ट्रेनिंग की बेसिक जानकारी देते हुए, अनुशासन का पालन करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। नवआरक्षियों को पुलिस परिवार का हिस्सा बनने पर शुभकामनाएं दी गईं और इस अवसर पर उनसे वार्ता कर सभी का कुशलक्षेम जाना, उनका उत्साहवर्धन किया और पुलिस सेवा के महत्व व मूल्यों पर प्रेरणास्पद संवाद किया। इस दौरान साथ में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्याम देवव क्षेत्राधिकारी टांडा शुभम कमार मौजूद रहे।

# आगामी कार्यक्रमों को लेकर भाजपा ने किया योजना बैठक



**अयोध्या।** भारतीय जनता पार्टी के आगमी दिनों के कार्यक्रम को लेकर सहादतगंज कार्यालय में योजना बैठक महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कार्यक्रम संयोजकों तथा सह संयोजकों के साथ कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया।

बैठक में आगामी 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर राम की पैड़ी पर मुख्य कार्यक्रम आयोजित करने की रूपरेखा तय की गई। इसके साथ ही चारों मंडलों में दो-दो स्थानों पर योग शिविर लगाए जाएंगे। 23 जून को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर पौधरोपण, 25 जून को आपातकाल की बरसी पर 'संविधान हत्या दिवस' कार्यक्रम आयोजित होगा। 29 जून को मंडल स्तर पर गोष्ठी के उपरांत सभी बूथों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को सामूहिक रूप से सुना जाएगा। इसके अलावा 1 जुलाई से 6 जुलाई तक वृहद पौधरोपण अभियान तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा, हर कार्यकर्ता को समयबद्ध और जिम्मेदारी के साथ कार्य करना है। सभी कार्यक्रमों को जनसंपर्क और सेवा के माध्यम से जनता तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य है।

बैठक में शैलेन्द्र कोरी, शशि प्रताप सिंह, वरूण चौधरी, रवि शर्मा, काशीराम रावत, तिलकराम मौर्या, परमानंद मिश्र, अरविन्द सिंह, रामप्रीत वर्मा, कपिल देव वर्मा, हेमंत जायसवाल, आरिफ अंसारी, आलोक द्विवेदी, सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# अलग-अलग अपराध में चार वांछित अभियुक्त गिरफ्तार





**सिकंदरपुर अंबेडकरनगर।** थाना मालीपुर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 60/25 धारा 137(2)/87/351(3) व बढोत्तरी धारा 70(2) बीएनएस व 5द्/6 पाक्सो एक्ट में वाँछित 02 नफर अभियुक्तगण 01. सूरज राजभर पुत्र रमेश उर्फ सोखा उम्र करीब 22 वर्ष निवासी मछलीगांव मकदूमपुर थाना धनघटा जनपद संतकबीरनगर 02. राहुल राजभर पुत्र जगदीश उम्र करीब 25 वर्ष निवासी दरगाह शाह रमजान थाना मालीपुर जनपद अम्बेडकरनगर को किया गया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक जनपद अम्बेडकरनगर केशव कुमार के निर्देशन में अपराध नियन्त्रण एवं तलाश वांछित अपराधियो की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 20.06.2025 को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 60/25 धारा 137(2)/87/351(3) व बढोत्तरी धारा 70(2) बीएनएस व 5द्/6 पाक्सो एक्ट में वाँछित 02 नफर अभियुक्तगण सूरज राजभर पुत्र रमेश उर्फ सोखा उम्र करीब 22 वर्ष निवासी मछलीगांव मकदूमपुर थाना धनघटा जनपद संतकबीरनगर राहुल राजभर पुत्र जगदीश उम्र करीब 25 वर्ष निवासी दरगाह शाह रमजान थाना मालीपुर जनपद अम्बेडकरनगर को मुखबिर की सूचना पर ग्राम दरगाह शाह रमजान से दोनो अभियुक्तों को 09.10 बजे सुबह गिरफ्तार किया गया ।बाद विधिक आवश्यक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तगण उपरोक्त को माननीय न्यायलय भेजा गया।

अभियान के क्रम थाना कोतवाली टाण्डा पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 188/25 धारा-331(3)/305/317(2) बी0एन0एस0 मे वांछित अभियुक्त शम्भू नाथ पुत्र राम लुटावन निवासी ग्राम प्यारेपुर मुबारकपुर थाना कोतवाली टाण्डा जनपद अम्बेडकरनगर व प्रकाश मे आये अभियुक्त शहबाज पुत्र अनीस निवासी प्यारेपुर मुबारकपुर थाना को0 टाण्डा जनपद अम्बेडकरनगर को दिनांक 20.06.2025 समय 12.00 बजे ग्राम प्यारेपुर जयश्री मोड के पुलिया के पास थाना को0 टाण्डा जनपद अम्बेडकरनगर से गिरफ्तार किया गया। जिसमे आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त उपरोक्त को माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है। पूछताछ पर शम्भू नाथ उपरोक्त द्वारा बताया गया कि मैंने शहबाज पुत्र अनीस के साथ मिलकर शहबाज की रेकी पर शहबाज के घर से कल दिनांक 19.06.25 को दिन में करीब 11.30 बजे 20000 रुपये चोरी किया है। जिसमें से मैंने एक हजार रुपए शहबाज को खर्चे हेतु दिया था, पांच हजार रुपए का मैंने यही मोबाइल राह चलते एक व्यक्ति से खरीदा है तथा तीन हजार रुपया मैंने खाने पीने में खर्च कर दिया है। चोरी वाला सौ रुपया मैंने मोबाइल के साथ रखा था जिसे आपने बरामद कर लिया है। बाकी रुपया मैंने हाफ लोअर की दूसरी जेब में रखा था, शायद नशे में वह कहीं गिर गया है। इसी चोरी में पकड़े जाने के डर से हम दोनों मौके से भागने का प्रयास कर रहे थे कि आपने पकड़ लिया। और पूछताछ पर शम्भू नाथ उपरोक्त द्वारा बताया गया कि माह जनवरी में मेरे द्वारा मोहम्मद जमाल पुत्र लाल मोहम्मद निवासी मुबारकपुर थाना कोतवाली टाण्डा जनपद अम्बेडकरनगर के घर में रखे जेवरात व नगदी चोरी किया था। जिसमें नगद रुपये करीब पांच लाख खर्च होने के उपरांत जेवरात को भी मैंने राह चलते व्यक्तियों के हाथों बेच दिया था। सभी रुपये को मैंने धीरे-धीरे नशा पत्ती आदि में खर्च कर दिया है। जब वह रुपए समाप्त हो गए, तब मैंने पुनः यह चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। साहब हम लोग नशे के आदी हैं। हम लोगों ने दो दिनों से नशा नहीं किया था। जिस कारण हम लोगों के पेट में बहुत दर्द हो रहा था। मैंने ही शम्भूनाथ उपरोक्त से कहा था कि मेरी मां ने बकरी बेचकर 20000 पन्नी में रखकर खूटी में टंगा है। दोपहर में जब मेरी मां और बहन घर पर नहीं थी तो हम लोगों ने घर का ताला तोड़कर 20000 चोरी कर लिया। उक्त 20000 में से शम्भू नाथ ने मुझे अभी 1000 दिया था। चोरी के बाद हम लोगों ने नशा व मौज मस्ती किया था।

## सड़क दुर्घटना में दो की मौत, दो घायल



**दोस्तपुर सुल्तानपुर।** जनपद सुल्तानपुर दोस्तपुर का मामला पूर्वांचल एक्सप्रेस के बगल सर्विस लेन पर मदनपुर गांव के पास हुआ भीषण एक्सीडेंट गांव के स्थानीय निवासी ने एम्बुलेंस को कॉल कर बुलाया एम्बुलेंस आते ही दोस्तपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने दो को गंभीर रूप से घायल बताया और दो की हुई मौत दो गम्भीर रूप से घायल एक का पहचान कृष्णा पुत्र बुधीराम उम्र 17 वर्ष निवासी मानिकपुर थाना बेवाना और दूसरे की पहचान प्रिंस पुत्र राजित राम उम्र 18 वर्ष निवासी मानिकपुर थाना बेवाना बताया जा रहा जिन्हें जिला अस्पताल अंबेडकर नगर रेफर कर दिया गया है और वही दोनों मृतक की पहचान नाम जितेंद्र पुत्र राम किशुन उम्र 19 वर्ष निवासी धतुरहा थाना दोस्तपुर बताया जा रहा वही दूसरे का नाम दिलीप पुत्र फिरतु उम्र 20वर्ष निवासी मानिकपुर की जा रही जब मृतक के घरों पर सूचना दी गई सूचना पाते ही घर वाले पहुंचे दोस्तपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अपने बच्चों को मृतक देखते ही कोहराम मच गया।

**बेदखली सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सूरज पाण्डेय पुत्र अमरजीत पाण्डेय निवासी मुराई टोला खटिक मंदिर थाना रामजन्मभूमि जनपद अयोध्या के गलत कृत्यों से तंग आकर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति एवं अपने मकान नं 2/4/240, 1/4/112ए से बेदखल करता हूं। उसके द्वारा किसी भी प्रकार के लेन-देन से हमारा व हमारे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा बल्कि सूरज पाण्डेय अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सूचनाकर्ता-अमरजीत पाण्डेय**
**पुत्र इमरती लाल पाण्डेय**
**निवासी-मुराई टोला खटिक मंदिर**
**मकान नं 2/4/240,1/4/112ए**
**थाना रामजन्मभूमि जनपद-अयोध्या**

# ताजियादारान व मोहर्रम कमेटी के प्रतिनिधिमंडल ने अपर नगर आयुक्त से विभिन्न समस्याओं पर की चर्चा



**समाधान हेतु दिये गये दिशा-निर्देश**

**अयोध्या।** आगामी मोहर्रम पर्व को लेकर नगर निगम में ताजिया दारान कमेटी व मोहर्रम कमेटी का प्रतिनिधि मण्डल ताजिया दारान कमेटी के सचिव मोनू मिर्जा के नेतृत्व में अपर नगर आयुक्त से मिला मोहर्रम से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई और उनके समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कमेटी अध्यक्ष हैदर मेहंदी नें बताया कि बारिश का सीजन शुरू हो गया है कई स्थानों पर जल भराव हो जाता है स्ट्रीट लाइटें खराब हैं और जल निकासी की व्यवस्था भी दयनीय है। वही कमेटी के सचिव मोनू मिर्जा ने बताया कि शहर के कई इलाकों में सड़कों की हालत खराब है और गड्ढों में पानी भर जाने के कारण ताजिया निकालने और दफनाने में परेशानी होती है। विशेष रूप से जहां ताजिया दफन किया जाता है, वहां भी भारी जलभराव की स्थिति रहती है जिससे धार्मिक परंपराएं निभाने में कठिनाई होती है आज अन्य समस्याओं को लेकर अपर नगर आयुक्त को एक ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द इन समस्याओं के समाधान की मांग की गयी है उन्होंने बताया कि अपर नगर आयुक्त ने आश्वासन दिया कि मोहर्रम से पहले सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली जाएंगी ताकि त्योहार शांतिपूर्ण और सम्मानपूर्वक मनाया जा सके इस अवसर पर ताजिया दारान कमेटी मोहर्रम कमेटी के सदस्य में मिर्जा सादिक हुसैन मिर्जा राशिद हुसैन उपाध्यक्ष वसीम हैदर जुग्गू शबरेज मिर्जा आसिफ नवाब पार्षद सलमान हैदर पार्षद नौशाद अहमद तोहिद सलमान दिलशाद मकसूद अहमद मौजूद रहे।

## पुलिस अधीक्षक ने ली परेड ड्रिल का किया निरीक्षण



**सिकंदरपुर अंबेडकरनगर ।** शुक्रवार की परेड के दौरान पुलिस अधीक्षक अम्बेडकरनगर केशव कुमार द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड पर परेड की सलामी ली गई सलामी ग्रहण करने के उपरांत महोदय द्वारा पुलिस बल को दौड़ कराई गई एवं टोली वार परेड ड्रिल का निरीक्षण करते हुए आरक्षियों को परेड ड्रिल के संबंध में जानकारी देते हुए शस्त्र अभ्यास कराया गया एवं विपरीत परिस्थितियों से निपटने हेतु शस्त्र अभ्यास कराते हुए शस्त्रों को खोलना व जोड़ने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, तत्पश्चात यूपी 112 पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर संबंधित को पीआरवी के मानक के अनुसार हेड लाइट, हूटर, इंडिकेटर फर्स्ट एड किट आदि समस्त आवश्यक उपकरणों को अपने पास रखने व उनके सुव्यवस्थित रखरखाव व साफ सफाई हेतु निर्देशित किया गया। तत्पश्चात क्वार्टर गॉर्ड तथा शस्त्रागार का निरिक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

**कार्यालय : नगर निगम अयोध्या**

पत्रांक : 568/न0नि0अयो0/ ई-निविदा/2025 दिनांक : 20/06/2025

**ई-निविदा सूचना**

नगर निगम अयोध्या के द्वारा 15 वां वित्त आयोग /राज्य वित्त आयोग/अन्य मदों के अन्तर्गत उद्यान विभाग के माध्यम से पेड़-पौधे एवं अन्य आवश्यक सामग्री एवं सिविल अनुरक्षण हेतु आइटम वाइज दर प्राप्त करने हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकते हैं। निविदादाता को प्रत्येक कार्य हेतु निविदा मूल्य तथा जमानत धनराशि अलग-अलग ऑनलाइन Net Banking (NEFT/RTGS)/UPI/Debit/Credit card के माध्यम से Link-httbs://emdnagarnigamayodhya.in/loginwithotp से अन्तरित करना होगा। तत्क्रम में ई-निविदा निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी ई-प्रक्योरमेन्ट की बेबसाइट www://etender.up.nic.in से प्राप्त की जा सकती है। उपरोक्त के संबंध में व्यक्तिगत रुप से जानकारी निर्माण विभाग नगर निगम अयोध्या से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| वेवसाइट पर निविदा अपलोड होने की तिथि | 21.06.2025 |
| निविदा की अन्तिम तिथि | 27.06.2025 को शाम 06.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | 28.06.2025 को पूर्वान्ह 11.00 बजे |

**सुमित कुमार**
**अपर नगर आयुक्त**
**नगर निगम अयोध्या**